परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

❊ जन्मदिवस 19–03–1971 ❊ मुनिदीक्षा–11–05–1989 ❊ आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

संस्कृत स्वयं शिक्षक
भाग -०२-०३

लेखक
श्रीपाद दामोदर सातव

प्रकाशक
राजपाल एण्ड सन्स
दिल्ली

(परम्परानायक)

परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त-शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)

परम पूज्य सिद्धान्त-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या-चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि-परिवार

संस्कृत स्वयं-शिक्षक

द्वितीय वा तृतीय भाग

लेखक

श्रीपाद दामोदर सातव

[वेदों के भाष्यकार वा संस्कृत के अन्य वीसिय

राजपाल एण्ड सन्ज़

कश्मीरी गेट, दिल्ली-६

मूल्य : तीन रुपया

राजकमल एण्ड सन्ज़, कश्मीरी गेट, दिल्ली-६
द्वारा प्रकाशित और युगान्तर प्रेस,
डफरिन पुल, दिल्ली द्वारा मुद्रित

मूलान्तर-व्यवस्था

१—स्वर

अ आ, इ ई, उ ऊ, ऋ ॠ, ऌ ॡ, ए ऐ, ओ औ, अं अः

१—कण्ठ—स्थान के स्वर—अ आ आ ३
२—तालु— ,, ,, —इ ई ई ३
३—ओष्ठ— ,, ,, —उ ऊ ऊ ३
४—मूर्धा— ,, ,, —ऋ ॠ ॠ ३
५—दन्त्य—,, ,, —ऌ(*ऌ)ॡ ३
६—कण्ठतालु,, ,, —ए ऐ
७—कण्ठौष्ठ ,, ,, —ओ औ
८—अनुस्वार (नासिका-स्थान) अं, इं, ऊं, एं, इत्यादि
९—विसर्ग (कण्ठ-स्थान) अः, इः, उः, अः इत्यादि

१०—ह्रस्व स्वर	अ, इ, उ, ऋ, ऌ
११—दीर्घ स्वर	आ, ई, ऊ, ॠ, (*ॡ)
१२—प्लुत स्वर	आ३, ई३, ऊ३, ॠ३, ॡ३,

* ॡ स्वर के लिये दीर्घ नहीं है। परन्तु ध्यान में रखना चाहिये कि विवृत-प्रयत्न ऌ वर्ण के दीर्घत्व नहीं है, इसत् स्पृष्टप्रयत्न ऌ वर्ण के लिये दीर्घत्व है। प्रयत्नों का विचार आगे के विभागों में होगा।

ह्रस्व स्वर के उच्चारण की लम्बाई एक मात्रा, दीर्घ स्वर के उच्चारण की दो मात्रा, प्लुत स्वर के उच्चारण की तीन मात्रा होती है। अर्थात् जितना समय ह्रस्व के लिये लगता है, उससे दुगना दीर्घ के लिए तथा तीन गुना प्लुत के लिये लगता है। दूर से किसीको पुकारने के समय अन्तिम स्वर प्लुत होता है। जैसा 'हे धनंजया३ अत्र आगच्छ' (हे धनजया३ यहाँ आ)।

इस वाक्य में 'धनंजय' के यकार में जो आकार है वह प्लुत है, और उसकी उच्चारण की लम्बाई तीन गुना है। शहरों में मार्ग पर तथा स्टेशन आदि पर चीजें वेचने वाले अपनी चीजों के विषय में प्लुत स्वर से पुकारते हैं, जैसेः—

१. ख···टा···इ···याँ···
२. हि···न्दू···पा···नी···
३. चा···य···ग···र···म···

इसी प्रकार अन्य सैकड़ों स्थानों पर प्लुत स्वर का श्रवण होता है। वेदों के मन्त्रों में जहां ३ (तीन) संख्या दी हुई रहती है, उसके पूर्व का स्वर प्लुत बोला जाता है। मुरगी 'कु१ कू२ कू३' ऐसी आवाज देती है; उसमें पहला 'उ' ह्रस्व, दूसरा दीर्घ तथा तीसरा प्लुत होता है।

इन स्वरों के भेदों के सिवाय 'उदात्त, अनुदात्त, स्वरित' ऐसे प्रत्येक स्वर के तीन भेद हैं जो केवल वेद में आते हैं। इनका वर्णन आगे के विभागों में होगा। संकेतार्थ अ, अ, अ, स्वर उदात्त, अनुदात्त, तथा स्वरित अकार वेद में आते हैं।

(१३) गुण स्वर—अ, ए, ओ, अर्, अल्
(१४) वृद्धि स्वर—आ, ऐ, औ, आर्, आल्

उक्त गुण-वृद्धि क्रम से अ, इ, उ, ऋ, ऌ, इन स्वरों को समझना चाहिये। इस प्रकार स्वरों का सामान्य विचार समाप्त हुआ।

२—व्यञ्जन

(१) कण्ठ-स्थान—कवर्ग—क, ख, ग, घ, ङ
(२) तालु-स्थान—चवर्ग—च, छ, ज, झ, ञ
(३) मूर्धा-स्थान—टवर्ग—ट, ठ, ड, ढ, ण
(४) दन्त-स्थान—तवर्ग—त, थ, द, ध, न
(५) ओष्ठ-स्थान—पवर्ग—प, फ, ब, भ, म

इन पच्चीस व्यञ्जनों को 'स्पर्श वर्ण' कहते हैं।

(६) अन्तःस्थ व्यञ्जन—य (तालु-स्थान); व (दन्त तथा ओष्ठ-स्थान); र (मूर्धा-स्थान); ल (दन्त-स्थान)।

इन चार वर्णों को 'अन्तःस्थ व्यञ्जन' कहते हैं।

(७) ऊष्म व्यञ्जन—श (तालव्य); ष (मूर्धन्य); स (दन्त्य); ह (कण्ठ्य)।

इन चार वर्णों को 'ऊष्म व्यञ्जन' कहते हैं।

(८) मृदु अथवा घोष व्यञ्जन—ग, घ, ङ, ज, झ, ञ
ड, ढ, ण, द, ध, न
ब, भ, म, य, र, ल, व, ह

इन बीस व्यञ्जनों को मृदु व्यञ्जन कहते हैं, क्योंकि इनका उच्चारण मृदु अर्थात् नरम, कोमल होता है। (इनकी श्रुति स्पष्टतर अनुभव होने से इन्हें 'घोष' भी कहते हैं)।

(९) कठोर (अथवा अघोष) व्यञ्जन—क, ख, च, छ, ट, ठ,
त, थ, प, फ, श, ष।

इन तेरह व्यञ्जनों को कठोर व्यञ्जन बोलते हैं, क्योंकि इनका उच्चारण कठोर अर्थात् सख्त होता है। (इनकी श्रुति अस्पष्टतर अनुभव होने से इन्हें 'अघोष' भी कहते हैं।)

(१०) अल्प-प्राण व्यञ्जन—क, ग, ङ, च, ज, ञ
ट, ड, ण, त, द, न
प, ब, म, य, र, ल, व

इन उन्नीस व्यञ्जनों को अल्प-प्राण कहते हैं, क्योंकि इनका उच्चारण करने के समय मुख में श्वास (हवा) पर ज़ोर नहीं दिया जाता।

(११) महा-प्राण व्यञ्जन—ख, घ, छ, झ
ठ, ढ, थ, ध
फ, भ, श, ष, स, ह

इन चौदह व्यञ्जनों को महा-प्राण कहते हैं, क्योंकि इनके उच्चारण के समय मुख में हवा पर बहुत दबाव दिया जाता है।

(१२) अनुनासिक व्यञ्जन—ङ, ञ, ण, न, म

ये पांच अनुनासिक कहलाते हैं, क्योंकि इनका उच्चारण नाक के द्वारा होता है। स्थान-व्यवस्थानुसार:—

कण्ठ-नासिका स्थान—ङ
तालु-नासिका ,, —ञ
मूर्धा-नासिका ,, —ण
दन्त-नासिका ,, —न
ओष्ठ-नासिका ,, —म

इस प्रकार व्यञ्जनों की सामान्य व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त जो और सूक्ष्म भेद हैं, वे अगले विभागों में बताए जाएंगे।

वर्णों की उत्पत्ति

मुख के अन्दर स्थान-स्थान पर हवा को दबाने से भिन्न-भिन्न वर्णों का उच्चारण होता है। मुख के अन्दर पाँच विभाग हैं, (प्रथम भाग में जो चित्र दिया है वह देखिए) जिनको स्थान कहते हैं। इन पांच विभागों में से प्रत्येक विभाग में एक-एक स्वर उत्पन्न होता है। स्वर उसको कहते हैं, जो एक ही आवाज में बहुत देर तक जा सके, जैसे—

अ·····	आ·····
इ·····	ई·····
उ·····	ऊ·····
ऋ·····	ॠ·····
ऌ·····	ॡ·····

'ऋ-ऌ' स्वरों के उच्चारण के विषय में प्रथम भाग में जो सूचना दी हुई है, उसको स्मरण रखना चाहिये। उत्तर भारत के लोग इसका उच्चारण 'री' तथा 'ल्री' ऐसा करते हैं, यह बहुत ही अशुद्ध है! कभी ऐसा उच्चारण नहीं करना चाहिए। 'री' में 'र ई' ऐसे दो वर्ण मूर्धा और तालु स्थान के हैं। 'ऋ' यह केवल मूर्धा-स्थान का शुद्ध स्वर है। केवल मूर्धा-स्थान के शुद्ध स्वर का उच्चारण मूर्धा और तालु स्थान दो वर्ण मिलाकर करना अशुद्ध है और उच्चारण की दृष्टि से बड़ी भारी गलती है।

'ऋ' का उच्चारण :—धर्म शब्द बहुत लम्बा बोला जाय और ध और म के बीच का रकार बहुत बार बोला जाय (समझने के लिए) तो उसमें से एक रकार के आधे के बराबर है। इस प्रकार जो 'ऋ' बोला जा सकता है, वह एक-जैसा लम्बा बोला जा सकता

है। छोटे लड़के आनन्द से अपनी जिह्वा को हिलाकर इस ऋकार को बोलते हैं।

जो लोग इसका उच्चारण 'री' करते हैं उनको ध्यान देना चाहिये कि 'री' लम्बी बोलने पर केवल 'ई' लम्बी रहती है। जो कि तालु स्थान की है। इस कारण 'ऋ' का यह 'री' उच्चारण सर्वथैव अशुद्ध है।

'ऌ'कार का 'ल्री' उच्चारण भी उक्त कारणों से अशुद्ध है। उत्तरीय लोगों को चाहिए कि वे इन दो स्वरों का शुद्ध उच्चारण करें। अस्तु।

पूर्व स्थान में कहा है कि जिनका लम्बा उच्चारण हो सकता है, वे स्वर कहलाते हैं। गवैय्ये लोग स्वरों को ही अलाप सकते हैं, व्यञ्जनों को नहीं, क्योंकि व्यञ्जनों का लम्बा उच्चारण नहीं होता। इन पांच स्वरों में भी 'अ इ उ' ये तीन स्वर अखंडित, पूर्ण हैं : और 'ऋ, ऌ' ये खंडित स्वर हैं। पाठकगण इनके उच्चारण की ओर ध्यान देंगे तो उनको पता लगेगा कि इनको खंडित तथा अखंडित क्यों कहते हैं। जिनका उच्चारण एक-रस नहीं होता, उनको खण्डित बोलते हैं।

इन पांच स्वरों से व्यञ्जनों की उत्पत्ति हुई है, क्रमशः—

मूल स्वर

अ इ ऋ ऌ उ

इनको दबाकर उच्चारण करते-करते एकदम उच्चारण बन्द करने से क्रमशः निम्न व्यञ्जन बनते हैं।

ह् य् र् ल् व्

इनका मुख से उच्चारण होने के समय हवा के लिये कोई

रुकावट नहीं होती। जहां इनका उच्चारण होता है, उसी स्थान पर पहले हवा का आघात करके, फिर उक्त व्यञ्जनों का उच्चारण करने से निम्न व्यञ्जन बनते हैं:—

घ झ ढ ध भ

इनको जोर से बोला जाता है। इनके ऊपर जो बल—जोर होता है, उस जोर को कम करके यही वर्ण बोले जाएं तो निम्न वर्ण बनते हैं:—

ग ज ड भ द

इनका जहां उच्चारण होता है, उसी स्थान के थोड़े से ऊपर के भाग में विशेष बल न देने से निम्न वर्ण बनते हैं:—

क च ट त प

इनका हकार के साथ जोरदार उच्चारण करने से निम्न वर्ण बनते हैं:—

ख छ ठ थ फ

अनुस्वार-पूर्वक इनका उच्चारण करने से इन्हीं के अनुनासिक बनते हैं:—

अङ्क पञ्च घण्टा इन्द्र कम्बल

सकार का तालु, मूर्धा तथा दन्त स्थान में उच्चारण किया जाय तो क्रम से, श, ष, स, ऐसा उच्चारण होता है। 'ल' का मूर्धा स्थान में उच्चारण करने से 'ळ' बनता है।

इस प्रकार वर्णों की उत्पत्ति होती है। इस व्यवस्था से वर्णों के शुद्ध उच्चारण का भी पता लग सकता है।

ऊपर जहां-जहां व्यञ्जन लिखे हैं वे सब 'क, ख, ग' ऐसे—अकारान्त लिखे हैं। इससे उच्चारण करने में सुगमता होती है।

वास्तव में वे 'क्, ख्, ग्' ऐसे—अकार रहित हैं, इतनी बात पाठकों के ध्यान धरने योग्य है।

वर्णों के ऊपर बहुत विचार संस्कृत में हुआ है। उसमें से एक अंश भी यहां नहीं दिया। हमने जो कुछ थोड़ा-सा दिया है उससे पाठकों की समझ में आ जायगा कि संस्कृत की वर्ण-व्यवस्था बहुत सोचकर बनाई गई है, अन्य भाषाओं की तरह ऊटपटांग नहीं है।

संस्कृत में कोमल पदार्थों के नाम कोमल वर्णों में पाये जाते हैं, जैसे—कमल, जल, अन्न आदि।

कठोर पदार्थों के नामों में कठोर वर्ण पाये जायेंगे, जैसे—खर प्रस्तर, गर्दभ, खड्ग आदि।

कठोर प्रसंग के लिये जो शब्द होंगे, उनमें भी कठोर वर्ण पाये जाएंगे, जैसे—युद्ध, विद्रावित भ्रष्ट, शुष्क, आदि।

आनन्द के प्रसंगों के लिए जो शब्द होंगे, उनमें कोमल अक्षर पाये जावेंगे, जैसे—आनन्द, ममता, सुमन, दया, आदि।

इस प्रकार बहुत लिखा जा सकता है। परन्तु विस्तार-भय से यहां इतना ही पर्याप्त है। यह वर्णन यहां इसलिए लिखा है कि यदि पाठक भी इस प्रकार सोचते रहेंगे, तो उनको आगे जाकर बड़ा लाभ होगा, तथा प्रसंग के अनुसार शब्दों को प्रयोग में लाकर संस्कृत के वाक्यों में वे विशेष गौरव ला सकेंगे।

संस्कृत स्वयं-शिक्षक

द्वितीय भाग

पाठ एक

जिन पाठकों ने 'संस्कृत स्वयं-शिक्षक' का प्रथम भाग अच्छी प्रकार पढ़ा है, और उसमें जो वाक्य तथा नियम दिये हुए हैं, उनको ठीक-ठीक याद किया है, तथा जिन्होंने प्रथम भाग के परीक्षा-प्रश्नों का उत्तर ठीक-ठीक दिया है—अर्थात् वे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं, उनको ही द्वितीय भाग के अभ्यास से लाभ होगा। जो प्रथम भाग की पढ़ाई ठीक प्रकार न कर द्वितीय भाग को प्रारम्भ करेंगे उनकी पढ़ाई आगे जाकर ठीक-ठीक नहीं होगी, तथा वे लोग अपनी संस्कृत में उन्नति नहीं कर सकेंगे। इसलिए पाठकों से प्रार्थना है कि वे किसी अवस्था में भी शीघ्रता न करें, तथा पहली पढ़ाई कच्ची रखकर आगे बढ़ने का यत्न न करें।

संस्कृत भाषा उन लोगों के लिए सुगम होगी जो 'स्वयं-शिक्षक' की रीति के साथ-साथ अपनी पढ़ाई करेंगे। परन्तु जो शीघ्रता करेंगे और कच्ची भूमि पर मकान बनाएंगे, उनको आगे बहुत

कठिनता होगी। इसलिए पाठकों को उचित है कि वे प्रथम तथा द्वितीय, भागों में दिए हुए किसी विषय को कच्चा न रखें और बार-बार उसको याद करके सब विषयों की जागृति रखने का सदैव यत्न करें।

जिन पाठकों ने 'स्वयं-शिक्षक' का प्रथम भाग पढ़ा होगा, उनके मन में इस शिक्षा-प्रणाली की सुगमता स्पष्ट हो गई होगी। इस दूसरी पुस्तक से पाठकों की योग्यता निस्सन्देह बहुत बढ़ेगी। इस पुस्तक में ऐसी व्यवस्था की हुई है कि इसके पढ़ने से पाठक न केवल संस्कृत में अच्छी प्रकार बात-चीत करने में समर्थ होंगे, अपितु वे रामायण, महाभारत तथा नाटक आदि संस्कृत ग्रन्थों के सुगम अध्यायों को स्वयं पढ़ सकेंगे। इसलिए प्रार्थना है कि पाठक हर एक पाठ के प्रत्येक नियम तथा वाक्य की ओर विशेष ध्यान दें।

प्रथम पुस्तक में शब्दों की सात विभक्तियों का उल्लेख किया हुआ है। परन्तु उस पुस्तक में केवल एक ही वचन के रूप दिये हैं। अब इस पुस्तक में तीनों वचनों के रूप दिए जाते हैं।

१ नियम—संस्कृत में तीन वचन हैं:—[१] एकवचन [२] द्विवचन तथा [३] बहुवचन। हिंदी भाषा में दो वचन हैं:—[१] एकवचन तथा [२] बहु अथवा अनेक वचन।

एक वचन से एक की संख्या का बोध होता है जैसे:—एकः आम्रः [एक आम]।

द्विवचन से दो की संख्या का बोध होता है, जैसे:—द्वौ आम्रौ [दो आम]।

बहुवचन से तीन या तीन से अधिक (अर्थात् दो से अधिक) की संख्या का बोध होता है, जैसे:—त्रयः आम्राः [तीन आम], पंच आम्राः [पाँच आम], दश आम्राः [दस आम]।

हिन्दी भाषा में दो की संख्या बताने वाला कोई वचन नहीं, परन्तु संस्कृत में दो की संख्या बताने वाला 'द्विवचन' है। संस्कृत में, सर्वत्र दो की संख्या के लिए द्विवचन का ही प्रयोग करना आवश्यक है। यह बात पाठकों को अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए। अब सातों विभक्तियों, तीनों वचनों में, शब्दों के रूप नीचे देते हैं।

अकारान्त पुल्लिगी 'देव' शब्द के रूप

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा (१) देवः	देवौ (÷)	देवाः (*)
द्वितीया(२)देवम्	देवौ (÷)	देवान्
तृतीया(३) देवेन	देवाभ्याम्	देवैः
चतुर्थी (४) देवाय	देवाभ्याम्(+)	देवेभ्यः(=)
पंचमी (५) देवात्	देवाभ्याम्(+)	देवेभ्यः(=)
षष्ठी (६) देवस्य	देवयोः (×)	देवानाम्
सप्तमी(७) देवे	देवयोः (×)	देवेषु
सम्बोधन (हे) देव	(हे) देवौ(÷)	(हे) देवाः (*)

इसी प्रकार सब अकारान्त पुल्लिगी शब्दों के रूप होते हैं। पाठकों ने ध्यान से देखा होगा कि विभाक्तियों में कई रूप एक-जैसे होते हैं। इस शब्द में जो-जो रूप एक-जैसे हैं, उनके आगे कोष्ठ में एक-सा चिह्न किया है, जैसे–'÷, ×, *' ये चिह्न हैं जो उक्त प्रकार के समान रूपों पर लगाये हैं। अगर पाठक इन समान रूपों को ध्यान में रखेंगे तो कण्ठ करने का उनका परिश्रम बच जायगा। यह समान रूप-शैली ध्यान में आने के लिए 'काल' शब्द के रूप नीचे दिए जाते हैं, और जो समान रूप हैं, वहाँ कोई रूप न देकर (,,) चिह्न मात्र दिया गया है।

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा (१) कालः	कालौ	कालाः

सम्बोधन (हे) काल	(हे) कालौ	(हे) कालाः
द्वितीया (२) कालम्	कालौ	कालान्
तृतीया (३) कालेन	कालाभ्याम्	कालैः
चतुर्थी (४) कालाय	,,	कलेभ्यः
पंचमी (५) कालात्	,,	,,
षष्ठी (६) कालस्य	कालयोः	कालानाम्
सप्तमी (७) काले	,,	कालेषु

उक्त रूप देने के समय सम्बोधन के रूप प्रथमा विभक्ति के सदृश होने के कारण साथ दिये हुए हैं। इन रूपों को देखने से पत लगेगा कि कौन-कौन-सी विभक्तियों के कौन-कौन-से रूप समा होते हैं।

अब पाठकों को उचित है कि वे इनके रूपों को ध्यान में रखे या कण्ठ करें, क्योंकि इसी शब्द के समान सब अकारान्त पुल्लिग शब्दों के रूप होंगे।

धनञ्जय, देवदत्त, यज्ञदत्त, नारायण, कृष्ण, नाग, भद्रसेन, मृत्यु ञ्जय इत्यादि अकारान्त पुल्लिगी शब्द ठीक उक्त प्रकार से चलते हैं

(१) जिन अकारान्त पुल्लिगी शब्दों के अन्दर 'र' अथवा 'ष' वर्ण हुआ करता है, उन शब्दों की तृतीया विभक्ति का एकवचन तथ षष्ठी विभक्ति का बहुवचन करने में 'न' को 'ण' बनाना पड़ता है जैसे:—

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
१ रामः	रामौ	रामः
२ रामम्	,,	रामान्
३ रामेण	रामाभ्याम्	रामैः
४ रामाय	,,	रामेभ्यः

५. रामात्	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
६. रामस्य	रामयोः	रामाणाम्
७. रामे	"	"

सम्बोधन के रूप पूर्ववत् पाठक बना सकेंगे। इस शब्द में तृतीया का एकवचन **'रामेण'** तथा षष्ठी का बहुवचन **'रामाणाम्'** इन दो रूपों में नकार के स्थान पर णकार हुआ है। इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों के रूप होते हैं :—

पुरुष, नृप, नर, रामस्वरूप, सर्प, कर, रुद्र, इन्द्र, व्याघ्र, गर्भ इत्यादि अकारान्त पुल्लिगी शब्दों के रूप उक्त प्रकार से बनते हैं।

परन्तु कई ऐसे शब्द हैं कि जिनमें 'र' अथवा 'ष' आने पर भी नकार का णकार नहीं बनता। जैसे—

कृष्णेन। कृष्णानाम्।
कर्दमेन। कर्दमानाम्।
नर्तनेन। नर्तनानाम्।
इस विषय में नियम ये हैं—

(२) नियम—जिस शब्द में र अथवा ष हो, और उसके परे 'न' आ जाय, तो उस न का ण बनता है, जैसे—

कृष्ण, तृष्णा, विष्णु, इत्यादि शब्दों में षकार के बाद नकार आने से नकार का णकार बन गया है।

(सूचना—पदान्त के नकार का णकार नहीं बनता, जैसे रामान् नरान्, इत्यादि।)

(३) नियम—'र' अथवा 'ष' और 'न' इनके बीच में कोई स्वर, ह, य, व, र, कवर्ग, पवर्ग, अनुस्वार इन वर्णों में से एक अथवा अनेक वर्ण आने पर भी नकार का णकार हो जाता है। जैसे :—

रामेण, पुरुषेण, नरेण इत्यादि शब्दों में इस नियम के अनुसार नकार का णकार बना है। इन दो नियमों को अधिक स्पष्ट करने के लिए निम्न प्रकार लिखते हैं—

'र' के पश्चात् 'न' आने से 'न' का 'ण' बन जाता है।
'ष' " " 'न' " 'न' " 'ण' बन जाता है।

'र' अथवा 'ष' तथा 'न'	के बीच में इतने वर्ण आने पर भी अ आ इ ई उ ऊ ऋ ऌ ए ऐ ओ औ अं ह य व र क ख ग घ ङ प फ ब भ म	'न' का 'ण' बन जाता है।

र्+[आ+म्+ए]न्+अ=रामेन=रामेण। इस शब्द में र् और न् के मध्य में 'आ+म्+ए' ये तीन वर्ण आये हैं। इस प्रकार अन्य शब्दों के विषय में भी जानना चाहिये।

कृ+ष्ण+[ण]+ए+न्+अ=कृष्णेन। इस शब्द में षकार और नकार के बीच में 'ण' आने से नकार का णकार नहीं हुआ, क्योंकि जो वर्ण बीच में होने पर भी णकार बनता है, उन वर्णों में 'ण' की गणना नहीं हुई है। इसी कारण 'मर्त्येन' शब्द में नकार का णकार नहीं होता है, देखिये :—

म्+र्+[त्]+य्+ए+न+अ=मर्त्येन—इसमें अनिष्ट तकार बीच में है, और उसके होने से नकार का णकार नहीं बनता है।

पाठकों को उचित है कि वे इन नियमों को बार-बार पढ़कर अच्छी प्रकार समझ लेवें, ताकि भ्रम न पड़े।

वाक्य

१ मृगः अरण्ये मृतः=हिरण वन में मर गया।

२ बालकेन क्रीड़ा त्यक्ता=बालक ने खेल छोड़ा।

३ मनुष्येण नगरं दृष्टम्=मनुष्य ने शहर देखा।

४ जनैः रामस्य चरित्रं श्रुतम्=लोगों ने राम का चरित्र सुना।

५ बालकैः दुग्धं पीतम्=बालकों ने दूध पिया।

६ सर्पेण मूषकः हतः=सांप ने चूहा मारा।

७ मनुष्यैः द्रव्यम् लब्धम्=मनुष्यों ने धन प्राप्त किया।

८ पुष्पैः शरीरं भूषितम्=फूलों से शरीर सजा।

९ आचार्यैः पुस्तकं पाठितम्=अध्यापकों ने पुस्तक पढ़ाया।

१० वृक्षेभ्यः फलानि पतितानि=वृक्षों से फल गिरे।

११ मया इष्टं फलं प्राप्तम्=मैंने मन चाहा फल प्राप्त किया।

१२ स ब्राह्मणेभ्यः दक्षिणां ददाति=वह ब्राह्मणों के लिये दक्षिणा देता है।

१३ विश्वामित्रः अयोध्यां आगतः=विश्वामित्र अयोध्या आ गया।

१४ सूर्यः अस्तं गतः=सूर्य अस्त हो गया।

१५ दुःखेन हृदयं भिन्नम्=दुःख से हृदय फट गया।

१६ आकाशे चन्द्रः उदितः=आकाश में चन्द्र उदय हुआ।

इन वाक्यों में जो-जो शब्द हैं, उनके अर्थ भाषा के वाक्यों से आ सकते हैं, इसलिये उनके अलग अर्थ नहीं दिये गये।

पाठः दो

शब्द—पुल्लिंगी

मूषकः=चूहा। काकः=कौवा। शावकः=बच्चा, लड़का नीवारकणः=धान का कण, सूजी का दाना। मार्जारः=बिडाल बिल्ला। कुक्कुरः=कुत्ता। व्याघ्रः=शेर। महर्षिः=बड़ा ऋषि क्रोडः=गोद, छाती।

नपुंसकलिंगी

तपोवनम्=तप करने का स्थान। स्वरूप=अपनी असलियत स्वरूपाख्यानम्=अपने रूप का आख्यान। आख्यानम्=कथा चरित्र। संनिधानम्=समीप।

विशेषण

भ्रष्ट=गिरा हुआ। अकीर्तिकर=बदनामी करने वाला। दृष्ट=देखा हुआ। वर्धिता=पाला, बढ़ाया। सव्यथम्=दुःख के साथ वर्धितम्=पाला, बढ़ाया।

क्रियापद

धावति=दौड़ता है। विवेश=घुस गया हुआ। संवर्धित=फला हुआ। वर्धिता=पाला, बढ़ाया॥ पलायते=भागता है। वदन्ति=बोलते हैं। पलायिष्यते=भागेगा। भव=हो, बन जा। बिभेषि=डरता है (तू)। प्रविवेश=घुस गया। बिभेति=डरता है। (वह)। आलोकयति=देखता है (वह)। बिभेमि=डरता हूँ (मैं)। आलोकयामि=देखता हूँ (मैं)।

धातु साधित

रक्षितुम्=रखने के लिये। आलोक्य=देखकर। दृष्वा=देखकर। जीवितव्यम्=जीने योग्य (विशेषण) जीना चाहिए।

(क्रियापद)

स्त्रीलिंग

कीर्तिः=यश, नाम। व्याघ्रता=शेरपन। अकीर्तिः=बदनामी।

इतर (अ-लिंगी अथवा अव्यय)

पश्चात्=पीछे से। इदम्=यह। यावत्=जब तक। द्रुतम्=सत्वर वा जल्दी। तावत्=तब तक। विलम्बितम्=देरी से।

विशेषणों का उपयोग और उनके लिंग

हृष्टं तपोवनम्। वर्धितः वृक्षः। हृष्टा नगरी। वर्धिता लेखमाला। हृष्टः मनुष्यः। वर्धितम् कमलम्। भ्रष्टः पुरुषः। अकीर्तिकरः उद्यमः। भ्रष्टा स्त्री। अकीर्तिकरा कथा। भ्रष्टं पात्रम्। अकीर्तिकरम् आख्यानम्। पालितः पुत्रः। रक्षितः बालकः। पालिता पुत्रिका। रक्षिता पुष्पमाला। पालितं गृहम्। रक्षितं जलम्। शुद्धः विचारः। पवित्रः मन्त्रः। शुद्धा बुद्धिः। पवित्रा स्त्री। शुद्धं चरित्रम्। पवित्रं पात्रम्। गतः सूर्यः। आगतः जनः। गता रात्रिः। आगता अध्यापिका। गतं नक्षत्रम्। आगतं पुस्तकम्। प्राप्तः ग्रीष्मकालः। भक्षितः मोदकः। प्राप्तं यौवनम्। पुष्पिता वाटिका। प्राप्तं वार्धकम्। भक्षितं फलम्।

पूर्वोक्त शब्दों में 'मूषकः, शावकः, काकः, बिडालः, मार्जारः, कुक्कुरः, व्याघ्रः' इत्यादि अकारान्त पुल्लिंग शब्द हैं और उनके रूप पूर्वोक्त देव, राम शब्दों के समान होते हैं। छात्रों को चाहिए कि वे इन शब्दों के सब रूप लिखें और उनका उक्त रूपों के साथ मिलान करके ठीक करें। 'भ्रष्टः, हृष्टः, संवर्धितः, सत्यवः,' इत्यादि शब्द भी अकारान्त पुल्लिंगी विशेषण होने से 'देव', 'राम' की ही तरह चलते हैं।

का स्वयं कोई लिंग नहीं होता, परन्तु वे विशेष्य के लिंग के अनुसार चलते हैं— इत्यादि वर्णन 'संस्कृत स्वयं-शिक्षक' के प्रथम भाग के ३६ पाठ में देख लेना।

वाक्य

संस्कृत	भाषा
(१) अस्ति गंगातीरे हरिद्वारं नाम नगरम्।	है गंगा के किनारे पर हरिद्वार नामक शहर।
(२) अस्ति महाराष्ट्रे मुम्बापुरी नाम नगरी।	है महाराष्ट्र में बम्बई नामक शहर।
(३) विडालः मूषकं खादति।	बिल्ला चूहे को खाता है।
(४) व्याघ्रः वृषभं खादितुं धावति।	शेर बैल को खाने के लिये दौड़ता है।
(५) विडालः कुक्कुरं दृष्ट्वा पलायते।	बिल्ला कुत्ते को देखकर भागता है।
(६) स पुरुषः व्याघ्रं दृष्ट्वा बिभेति पलायते च।	वह पुरुष शेर को देखकर डरता और भागता है।
(७) ऋषिणा मूषकः व्याघ्रतां नीतः।	ऋषि ने चूहे को व्याघ्र बना दिया।
(८) मुनिना व्याघ्रः मूषकत्वं नीतः।	मुनि ने व्याघ्र को चूहा बना दिया।
(९) स मुनिः अचिन्तयत्।	वह मुनि सोचने लगा।
(१०) स पुरुषः सदुःखः अचिन्तयत्।	वह पुरुष कष्ट के साथ सोचने लगा।

उक्त वाक्यों में पाठकों के लिये कई बातें ध्यान में रखने योग्य हैं—

संस्कृत में कथा के आरंभ में 'अस्ति' आदि क्रिया के शब्द वाक्य के प्रारम्भ में आते हैं, जिनका भाषा में वाक्य के अन्त में अर्थ करना होता है, जैसे:—

संस्कृत में—**अस्ति** गौतमस्य तपोवने कपिलो नाम मुनिः ।

भाषा में—गौतम के आश्रम में कपिल नामक मुनि है । संस्कृत में प्रथम प्रकार की वाक्य रचना, ललित (अच्छी) समझी जाती है ।

नियम—किसी शब्द के साथ 'त्व' अथवा 'ता' यह शब्द जोड़ने से उसका भाव-वाचक बनता है, जैसे:—वृद्ध=बुड्ढा । वृद्धत्वम्=बुड्ढापन । मूषकः=चूहा, मूषकता=चूहापन । पुरुषः=मनुष्य, पुरुषत्वम्=पुरुषपन । पशु=पशु, हैवान; । पशुत्व=पशुता, हैवानपन ।

नियम—विशेषण का कोई अपना लिंग नहीं होता । विशेष्य के लिंग के अनुसार ही विशेषणों के लिंग बनते हैं जैसे:—

पुंल्लिंगी	स्त्रीलिंगी	नपुन्सकलिंगी
भ्रष्टः पुरुषः	भ्रष्टा स्त्री	भ्रष्टम् पुष्पम्
दृष्टः पुत्रः	दृष्टा नगरी	दृष्टं पुस्तकम्
संवर्धितः वृक्षः	संवर्धिता कीर्तिः	संवर्धितं ज्ञानम्
सव्यथः व्याघ्रः	सव्यथा नारी	सव्यथं मित्रम्

इसी प्रकार अन्यान्य विशेषणों के सम्बन्ध में भी जानना चाहिये, [इस नियम के विषय में स्वयं-[illegible] २[illegible]वां पाठ देखिये] ।

अब हितोपदेश नामक ग्रन्थ से एक कथा नीचे देते हैं। पूर्वोक्त शब्द और वाक्य जिन्होंने कण्ठ किये होंगे, वे पाठक इस कथा को अच्छी प्रकार समझ सकते हैं। इसलिये पाठकों को उचित है कि वे भाषा में दिया हुआ अर्थ न देखते हुए, केवल संस्कृत पढ़कर ही अर्थ लगाने का यत्न करें। जब सम्पूर्ण कथा का अर्थ लग जाय, तो सम्पूर्ण पाठ को कण्ठ करें। और पश्चात् भाषा के वाक्य देखकर उसकी संस्कृत बनाने का यत्न करें।

१ मुनिमूषकयोः कथा

(१) अस्ति गौतमस्य महर्षेः तपोवने महातपा नाम मुनिः। तेन आश्रमसंनिधाने मूषकशावकः काकमुखाद् भ्रष्टः दृष्टः।

(२) ततः स स्वभाव-दया-ऽत्मना तेन मुनिना नीवारकणैः संवर्धितः। ततो विडालः तं मूषकं खादितुं धावति।

(३) तं अवलोक्य मूषकः तस्य मुनेः क्रोडं प्रविवेश। ततो मुनिना उक्तम्—"मूषक, त्वं मार्जारो भव।" ततः स मार्जारो जातः।

(४) पश्चात् स विडालः कुक्कुरं दृष्ट्वा पलायते। ततो मुनिना उक्तम्—'कुक्कुराद् बिभेषि, त्वम् एव कुक्कुरो भव' तथा स कुक्कुरो जातः।

१ ऋषि और चूहे की कथा

(१) गौतम महर्षि के तपोवन में महातपा नामक एक मुनि है। उसने आश्रम के पास चूहे का बच्चा कौवे के मुख से गिरा हुआ देखा।

(२) पश्चात् उस (बच्चे) को स्वाभाविक दया-भाव से उस मुनि ने धान के कणों से पाला, अब (एक) बिल्ला उस चूहे को खाने के लिये दौड़ता है।

(३) उस (बिल्ले) को देखकर चूहा उस मुनि की गोद में आ घुसा। तो मुनि ने कहा—"चूहे, तू बिल्ला बन।" सो वह बिल्ला बन गया।

(४) अब वह बिल्ला कुत्ते को देखकर भागता है। तब मुनि ने कहा—"कुत्ते से (तू) डरता है, तू कुत्ता ही बन जा।" सो वह कुत्ता बन गया।

(५) व्याघ्रता—व्याघ्रस्य भावः व्याघ्रता, व्याघ्रत्वम् इत्यर्थः।
(६) मूषकत्वम्—मूषकस्य भावः।
(७) सव्यथः—व्यथया सहितः सव्यथः, दुःखेन युक्तः इत्यर्थः।
(८) स्वरूपाख्यानम्—स्वस्य रूपं स्वरूपम्, स्वरूपस्य, आख्यानं स्वरूपाख्यानम्=स्वरूपकथा इत्यर्थः

पाठ तीसरा

प्रथम पाठ में अकारान्त पुलिंगी शब्दों के रूप बनते हैं। संस्कृत में आकारान्त पुलिंगी शब्द बहुत ही थोड़े हैं, तथा उनके रूप भी बहुत प्रसिद्ध नहीं हैं, इसलिए उनका चलाने का प्रकार यहाँ नहीं दिया जाता। प्रायः पाठकों के देखने में आएगा कि आकारान्त शब्द स्त्रीलिंग होते हैं, और अकारान्त शब्द स्त्रीलिंग नहीं हुआ करते। किस शब्द का कौन-सा अन्त है, यह ध्यान में लाने के लिए कई शब्द नीचे दिये हैं, इनकी ओर ठीक ध्यान देने से अन्त-वर्ण का ठीक बोध हो जायेगा।

(१) अकारान्त—देव, रामकृष्ण, धनंजय, ज्ञान, आनन्द
(२) आकारान्त—रमा, विद्या, गंगा, कृष्णा, अम्बा, अबला
(३) इकारान्त—हरि, भूपति, अग्नि, रवि, कवि, पति
(४) ईकारान्त—लक्ष्मी, तरी, तंत्री, नदी, स्त्री, वाणी
(५) उकारान्त—भानु, विष्णु, वायु, शम्भु, सूनु, जिष्णु
(६) ऊकारान्त—चमू, वधू, श्वश्रू, यवागू, चम्पू, जम्बू
(७) ऋकारान्त—दातृ, कर्तृ, भोक्तृ, गन्तृ, पातृ, वक्तृ

(८) ऐकारान्त—रै (धन)
(९) ओकारान्त—द्यो, गो,
(१०) ककारान्त—वाक्, सर्वशक्
(११) तकारान्त—सरित्, भूभृत्, हरित्
(१२) दकारान्त—शरद्, तमोनुद्
(१३) सकारान्त—चन्द्रमस्, तस्थिवस्, मनस्

इत्यादि शब्द देखने से पाठक जान सकेंगे कि किस शब्द के अन्त में कौन-सा वर्ण है।

अब इकारान्त पुलिंगी 'हरि' शब्द के रूप देखिए:—

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
(१) हरिः	हरी	हरयः
सं० (हे) हरे	(हे) ,,	(हे) ,,
(२) हरिम्	,,	हरीन्
(३) हरिणा	हरिभ्याम्	हरिभिः
(४) हरये	हरिभ्याम्	हरिभ्यः
(५) हरेः	,,	,,
(६) ,,	हर्योः	हरीणाम्
(७) हरौ	,,	हरिषु

इसी प्रकार भूपति, अग्नि, रवि, कवि आदि शब्दों के रूप बनते हैं। प्रथम पाठ में दिये हुए नियम ३ के अनुसार हरि, रवि आदि शब्दों के रूपों में नकार का णकार होता है।

प्रथम पाठ के नियम १ में कहा है कि एकवचन एक [illegible] संख्या का बोधक, द्विवचन दो की संख्या का बोधक, बहुवचन तीन अथवा तीन से अधिक की संख्या [illegible] होता है, जैसे:—

(१) एकवचन—रामस्य चरित्रम्=(एक) राम का (एक) चरित्र। (२) द्विवचन—मुनिमूषकयोः कथा=मुनि और मूषक (इन दोनों) की कथा।

रामस्य बांधवौ=एक राम के (दो) भाई।

(३) बहुवचन—श्रीकृष्णभीमार्जुनाः जरासंधस्य गृहं गताः= श्रीकृष्ण, भीम तथा अर्जुन (ये तीनों) (एक) जरासन्ध के (एक) घर को गये।

कुमारेण आम्राः आनीता-=(एक) लड़का (तीन अथवा तीन से अधिक अर्थात् दो से अधिक) आम लाया।

इस प्रकार वचनों द्वारा संस्कृत में संख्या का बोध होता है। हिन्दी भाषा में दो की संख्या का बोध करने के लिए कोई खास वचन का चिह्न नहीं है। संस्कृत की विशेषता और पूर्णता इसी व्यवस्था द्वारा प्रतीत होती है। अब हर एक विभक्ति के तीनों वचनों का उपयोग किस प्रकार किया जाता है, यह बताने के लिए कुछ वाक्य नीचे देते हैं।

(१) प्रथमा विभक्ति

वाक्य में प्रथमा विभक्ति कर्त्ता का स्थान बताती है (कर्त्ता वह होता है जो क्रिया करता है)।

(१) रामः राज्यं अकरोत्=राम राज्य करता था।

(२) रामलक्ष्मणौ वनं गच्छतः=राम लक्ष्मण (ये दो) वन को जाते हैं।

(३) पाण्डवाः श्रीकृष्णस्य उपदेशं शृण्वन्ति=(तीन अथवा तीन से अधिक) पाण्डव श्रीकृष्ण का उपदेश सुनते हैं।

(२) स नेत्राभ्यां सूर्यं पश्यति=वह (दोनों) आँखों से सूर्य को देखता है।

(३) अर्जुनः बाणैः युद्धं करोति=अर्जुन (दो से अधिक) बाणों के साथ युद्ध करता है।

इन तीन वाक्यों में 'खड्गेन, नेत्राभ्यां, बाणैः' ये तीन शब्द तृतीया विभक्ति के हैं। और क्रियाओं के साधन हैं। अर्थात् हनन करने का साधन खड्ग, देखने का साधन नेत्र और युद्ध करने का साधन बाण है।

(४) चतुर्थी विभक्ति

क्रिया जिसके लिये की जाती है, उसकी चतुर्थी विभक्ति होती है। संस्कृत में इसे 'सम्प्रदान' कहते हैं क्योंकि 'के लिए' का सम्बन्ध विशेषकर दान-क्रिया से होता है।

(१) राजा ब्राह्मणाय धनं ददाति=राजा ब्राह्मण को धन देता है।

(२) पुत्राभ्यां मोदकौ ददाति=(वह) (दो) पुत्रों को दो लड्डू देता है। (३) कृपणः याचकेभ्यः द्रव्यं न ददाति=कृपण मांगने वालों को द्रव्य नहीं देता।

इन तीन वाक्यों में 'ब्राह्मणाय, पुत्राभ्यां, याचकेभ्यः' ये तीन शब्द चतुर्थी विभक्ति में हैं और वे बता रहे हैं कि तीनों वाक्यों में जो दान हुआ है वह किन के लिये हुआ है।

(५) पंचमी विभक्ति

संस्कृत में पंचमी विभक्ति अर्थात् अपादान 'से' से घोषित होती है। अपादान का अर्थ है 'छोड़ना', 'अलग होना।'

(१) स नगरात् ग्रामं गच्छति=वह नगर से गांव को जाता है

(२) रामः वसिष्ठवामदेवाभ्यां प्रसादं इच्छति=राम, वसिष्ठः वामदेव (इन दोनों) से प्रसाद चाहता है।

(३) मधुमक्षिका पुष्पेभ्यः मधु गृह्णाति=शहद की मक्खी (दो से अधिक) फूलों से शहद लेती है।

इन तीनों वाक्यों में 'नगरात्, वसिष्ठवामदेवाभ्यां' पुष्पेभ्यः ये पद पंचम्यन्त हैं। और यह पंचम्यन्त रूप किससे किसका अपादान (हुआ) है, यह बात बताते हैं।

(६) षष्ठी विभक्ति

वाक्य में षष्ठी विभक्ति 'सम्बन्ध' अर्थ में आती है।

(१) तद् रामस्य पुस्तकं अस्ति=वह राम की पुस्तक है।

(२) रामरावणयोः सुमहान् संग्रामः जातः=राम रावण (इन दोनों) का बड़ा भारी युद्ध हुआ।

(३) नगराणाम् अधिपतिः राजा भवति=शहरों का स्वामी राजा होता है।

इन तीनों वाक्यों में षष्ठयन्त पदों से पता लगता है कि पुस्तक, संग्राम, अधिपति—इनका किनके साथ मुख्य सम्बन्ध (अर्थात् अधिकार अथवा स्वामी-सम्बन्ध) है।

(७) सप्तमी विभक्ति

वाक्य में सप्तमी विभक्ति 'अधिकरण (आश्रय) स्थान' अर्थ में आती है।

(१) नगरे बहवः पुरुषः सन्ति=शहर में बहुत पुरुष हैं।

(२) तेन वस्त्रयोः अलंकारौ धृतौ=उसने (दो) वस्त्रों में (एक-एक) अलंकार (जेवर) धारण किये।

(३) पुस्तकेषु चित्राणि सन्ति=पुस्तकों के अंदर तस्वीरें हैं।

इन वाक्यों में तीनों सप्तम्यन्त पद 'स्थान' (अधिकरण), अर्थ बताते हैं। अर्थात् पुरुषों का नगर आश्रय है, अलंकारों का कान तथा चित्रों का पुस्तक स्थान है।

संबोधन विभक्ति

पुकारने के समय संबोधन का प्रयोग होता है।

(१) हे धनंजय ! अत्र आगच्छ=हे धनंजय ! यहाँ आ।
(२) हे पुत्रौ ! तत्र गच्छताम्=हे (दोनों) लड़को ! वहां जाओ।
(३) हे मनुष्याः ! शृणुत=हे (दो से अधिक) मनुष्यो ! सुनो।

इस प्रकार सब विभक्तियों के अर्थ तथा उपयोग हैं। पाठकों को उचित है कि वे बार-बार इनका विचार करके इन विभक्तियों के अर्थों को ठीक-ठीक ध्यान में रखें और कभी भूल न जावें, क्योंकि इनका बहुत महत्त्व है। उक्त विवरण ठीक ध्यान में लाने के लिये उसका सारांश नीचे देते हैं :—

विभक्ति	अर्थ	भाषा में प्रत्यय
(१) प्रथमा	कर्त्ता	क्रिया का करने वाला—ने
(२) द्वितीया	कर्म	जो किया जाता है—को
(३) तृतीया	करण	क्रिया का साधन—ने, से, द्वारा
(४) चतुर्थी	सम्प्रदान	जिनके लिये क्रिया की जाय—के लिये
(५) पंचमी	अपादान	जिससे वियोग होता है—से
(६) षष्ठी	सम्बन्ध	एक का दूसरे के ऊपर अधिकार—का

(७) सप्तमी—अधिकरण—स्थान, आश्रय, में

(८) सम्बोधन—आह्वान, पुकारना, हे

इन विभक्तियों के अर्थ तथा उपयोग पाठकों को ध्यान में रखने चाहिएँ। संस्कृत वाक्य बनाना तथा प्राचीन पुस्तकों का अर्थ—बोध इन्हीं के परिज्ञान द्वारा होता है। जब उक्त बातें ठीक स्मरण हो जायें[1], उसके बाद अगले पद कण्ठ कीजिये।

पाठ चौथा

क्रिया

प्रतिभाषेत्=(वह) उत्तर दे (गा)। पृच्छेयम्=पूछूँ (गा) प्रतिवदेत्=(वह) उत्तर दे (गा)। सेवसे=(तू) सेवन करता है। सेवते=(वह) सेवन करता है। सेवे=सेवन करता हूँ। संभाष्य=बोलकर। आपृच्छ्य=पूछकर। आदिशत्=(उसने) आज्ञा की। प्रक्षिपति=फेंकता है। निष्कास्यतां=निकाल दिया जाय। परित्यज=(तू) फेंक दे। प्रतिवदेत्=(वह) जवाब दे (गा)। प्रत्यवदत्=(उसने) उत्तर दिया। प्रत्यब्रवीत्=उत्तर दिया। अवदत्=बोला।

शब्द—पुल्लिंगी

भगवन्=ईश्वर। भगवतः=ईश्वर का। व्रजन्=चलने वाला। पथिन्=मार्ग। पथि=मार्ग में। अर्भकः=लड़का। चरणः=पांव।

१—षष्ठी विभक्ति दो नामों का—एक पद का अन्य पद से—सम्बन्ध बताती है। शेष सात विभक्तियां एक नाम—पद का क्रिया से सम्बन्ध बताती हैं—ये कारक हैं। षष्ठी विभक्ति कारक नहीं।

देवः=ईश्वर । नृपः=राजा । प्रसादः=दया । पुरुषः=मनुष्य । इच्छन्=इच्छा करता हुआ (अथवा करने वाला) । ज्वरः=बुखार आवेगः=ज़ोर । ज्वरावेगः=बुखार का जोर । चिकित्सकः=वैद्य । वयस्यः=मित्र । यमः=मृत्यु, यम । क्षार=नमक । चन्द्रः=चाँद । अर्धचन्द्रः=गला पकड़कर (निकालना या धक्का देना) मन्दः= मंद-बुद्धि वाला । परिजनः=नौकर ।

स्त्रीलिंगी

गलहस्तिका=गला-पकड़ (क्रिया) । मृत्तिका=मट्टी ।

नपुंसकलिंगी

प्रतिवचनम्=उत्तर, जवाब । क्षतम्=व्रण । प्रतिवचः=जवाब, उत्तर । अरण्य=वन ।

विशेषण

विदग्ध=ज्ञानी, विद्वान्, पका हुआ । वधिर=बहिरा, न सुनने वाला । अविदग्ध=अज्ञानी । आर्त=रोगी, पीड़ित । प्रस्थितः=प्रवास के लिए चला, मुसाफिर हो गया । पृष्ट=पूछा हुआ । रुग्ण=बीमार । भद्र=हितकारक । सह्य=सहने योग्य । भद्रतर=दोनों में अधिक अच्छा । समर्थ=शक्तिमान् । भद्रतम=सबसे अधिक अच्छा । दुःसह=सहन करने के लिये कठिन । प्रतिकूल=विरोधी । निःसारित=निकला हुआ । अनुकूल=मुआफिक ।

अन्य (अव्यय)

इति=ऐसा । सकोपम्=गुस्से से । बहिः=बाहर । सादरं=सम्मान के साथ । संनिकाशम्=पास । तदनु=उसके पश्चात् । तथैव=वैसा ही । तदनुरूप=उसके अनुरूप (अनुकूल) ।

उक्त शब्द याद करने के पश्चात् निम्न वाक्य स्मरण कीजिये ।

(२) मित्रसन्निकाशं गत्वा 'अपिसह्यो ज्वरावेगः', इति पृच्छेयम्। 'किंचिद् इव सह्यः' इति स प्रतिवदेत्।

(२) मित्र के पास जाक बुखार सहन करने योग्य (है पूछूँगा।

'कुछ ही सहन करने यो ऐसा वह उत्तर देगा।

(३) ततः 'किं औषधं सेवसे', इति पृच्छेयम्। 'इदं औषधं सेवे' इति प्रतिभाषते। अनन्तरं 'कस्ते चिकित्सकः'? इति मया पृष्टः 'असौ मम चिकित्सकः' इति प्रतिवदेत्।

(३) फिर 'क्या दवा लेत ऐसा पूछूँगा। 'यह दवा लेता वह उत्तर देगा। पश्चात् 'कौन वैद्य (है)' ऐसे मेरे पूछने पर 'व वैद्य है' ऐसा वह उत्तर देगा।

(४) अथ तत्तदनुपं संभाष्य, मित्रं आपृच्छ्य, गृहं आगमिष्यामि।

(४) अनन्तर इस प्रकार बोलकर, मित्र को पूछ-ताछक आ जाऊँगा।

(५) एवं चिन्तयन् मित्रं प्राप्य, सादरं अपृच्छत्य "वस्य,अपि सह्यो ज्वरावेगः" इति। "तथैव वर्तते। न विशेषः" इति स प्रत्यवदत्।

(५) इस प्रकार विचार हुआ मित्र (के पास) पहुँचकर, के साथ पूछा। 'मित्र क्या सहन योग्य बुखार का जोर (है)' 'वै है, कोई नहीं फरक' ऐसा वह में बोला।

(६) "भगवतः प्रसादेनतथैव वर्तताम्। कीदृशं औषधं सेवसे" इति। ज्वरार्तः प्रत्यवोचत् "मम औषधं मृत्तिका एव" इति।

(६) 'परमेश्वर की कृपा से ही रहे। कौन-सा औषध लेते ऐसा पूछने पर रोगी ने उत्त दिया—'मेरी दवा मिट्टी ही है' ऐ

(७) वयस्यः प्राह । 'तदेव भद्र-तरम् ।

'कस्ते चिकित्सकः' इति ।

(८) रुग्णः सकोपं अब्रवीत 'मम भिषग् यम एव' इति ।

(९) बधिरः प्रोवाच । 'स एव समर्थः तं मा परित्यज' इति ।

(१०) एवं प्रतिकूलं प्रतिवचनं श्रुत्वा स रोगी दुःसहेन कोपेन समाविष्टः परिजनं आदिशत् ।

(११) 'भोः कथं अयं एवं क्षते क्षारं प्रक्षिपति । निष्कास्यतां अयं अर्धचन्द्रदानेन इति ।

अथ स बधिरो मंदधीः परिजनेन गलहस्तिकया बहिः निःसारितः ।

(कथा-कुसुमांजलिः)

(७) मित्र बोला—'वही अधिक हितकारी (है) ।'

'कौन-सा तेरा वैद्य (है) ।'

(८) रोगी क्रोध से बोला—'मेरा वैद्य यम ही (है) ।'

(९) बधिर बोला—'वही शक्ति-मान् है, उसको न छोड़ ।'

(१०) इस प्रकार विरुद्ध भाषण सुनकर उस रोगी ने असह्य क्रोध से युक्त होकर नौकर को आज्ञा की ।

(११) 'अरे क्यों यह इस प्रकार जख्म पर नमक डालता है । निकाल दे, इसको गला पकड़ कर ।

पश्चात् उस मूर्ख बधिर को नौकर ने गला पकड़कर बाहर निकाला ।

'कथा कुसुमांजलि' से ।

सूचना—भाषा में 'इति' का सब स्थानों पर भाषान्तर
होता है । तथा संस्कृत के मुहावरे भी भाषा के मुहावरों से
है । यहां संस्कृत की शब्द-रचना के अनुकूल ही भा
वाक्य-रचना रक्खी है, इस कारण भाषा का
चाहिये वैसा नहीं होगा, पाठक यह बात ध्यान
का भाव ध्यान में लावें ।

समास-विवरणम्

(१) स्वमित्रम्—स्वस्य मित्रं=स्वमित्रम्, स्ववयस्यः ।
(२) ज्वरार्तः—ज्वरेण आर्तः=पीड़ितः, ज्वरपीड़ितः ।
(३) ज्वरावेगः—ज्वरस्य आवेगः=ज्वरावेगः ।
(४) सादरम्—आदरेण सहितम्=आदरयुक्तम् ।
(५) सकोपम्—कोपेन सहितं=सकोपम्, सक्रोधम् इत्यर्थः ।

पाठ पाँचवाँ

पूर्व पाठों में अकारान्त तथा इकारान्त पुल्लिगी शब्दों के रूप दिये हैं, दीर्घ ईकारान्त शब्द भी संस्कृत में हैं, परन्तु उन के प्रयोग बहुत प्रयुक्त नहीं होते, इसलिये उनको छोड़कर यहाँ उकारान्त पुल्लिगी शब्द के रूप देते हैं ।

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
(१) भानुः	भानू	भानवः
संबो० हे भानो	(हे)„	(हे)„
(२) भानुं	„	भानून्
(३) भानुना	भानुभ्यां	भानुभिः
(४) भानवे	„	भानुभ्यः
(५) भानोः	„	„
(६) „	भान्वोः	भानूनाम्
(७) भानौ	„	भानुषु

इसी प्रकार गुरु, शम्भु, विष्णु, वायु, इन्दु, विधु इत्यादि उकारान्त पुल्लिगी शब्दों के रूप जानने चाहियें । पाठकों को उचित

है कि वे इन शब्दों के रूप सब विभक्तियों में बनाकर कागज़ पर लिखें, तथा पूर्वोक्त तृतीय पाठ में दिये हुए प्रकार से हर एक रूप को वाक्य में प्रयुक्त करने का यत्न करें। इस प्रकार बनाये हुए वाक्य कागज़ पर लिखने चाहियें। अगर दो विद्यार्थी साथ पढ़ते हों, एक-दूसरे से शब्दों के रूप सब विभक्तियों में परस्पर पूछकर, हर एक रूप का उपयोग भी परस्पर पूछना चाहिये। इससे सब विभक्तियों के रूपों की उपस्थिति ठीक-ठीक हो जायगी तथा उनका उपयोग कैसे करना चाहिये, इसका भी ज्ञान हो जायगा। परन्तु जहां पढ़ने वाला अकेला ही हो, वहां सब रूप तथा वाक्य जो-जो नये बनाये हों, वे सब कागज पर लिखने चाहियें और उनको बार-बार पढ़कर सबको स्मरण करना चाहिये।

संस्कृत में जहां-जहां दो स्वर अथव दो व्यजंन पास-पास आ जाते हैं वहां वे खास रीति से मिल जाते हैं। हमने 'स्वयं-शिक्षक' के प्रथम भाग में तथा इस द्वितीय भाग में भी जहां तक हो सका है वहां तक इस प्रकार के सन्धि नहीं दिये हैं। तथापि पाठक देखेंगे कि प्रथम भाग की अपेक्षा इस द्वितीय भाग में इस प्रकार के सन्धि अधिक दिये हैं।

ये सन्धि किस स्थान पर करने तथा किस स्थान पर न करने के विषय में निम्नलिखित नियम हैं।

(६) नियम— एक पद (शब्द) के अन्दर जोड़ (सन्धि) अवश्य होने चाहिएं। जैसे—रामेषु, देवेषु, रामेण इत्यादि।

सप्तमी के बहुवचन का प्रत्यय 'सु' है परन्तु इसके पीछे 'ए' होने से 'सु' का 'षु' बनता है। एक पद (शब्द) में होने से यह सन्धि आवश्यक है। तथा नियम ३ के अनुसार 'रामेण' में नकार का णकार करना आवश्यक है क्योंकि यह एक पद है।

(७) नियम—धातु का उपसर्ग के साथा जहाँ सम्बन्ध होता है वहाँ सन्धि करना आवश्यक है। (केवल वेदों में धातुओं से उनका उपसर्ग अलग रहता है, इस कारण वहाँ यह नियम नहीं लगता) उत्+गच्छति=उद्गच्छति। निः+बध्यते=निर्बध्यते।

(८) नियम—समास में सन्धि अवश्य करनी चाहिये। जैसे—जगत्+जननी=जगज्जननी। तत्+रूपं=तद्रूपम्।

(९) नियम—पद्यों में बहुतांश में सन्धि करना आवश्यक है।

(१०) नियम—बोलने के समय बोलने वाला मनुष्य चाहे सन्धि करे अथवा न करे। अर्थात् जो बोलने वाला हो उसकी इच्छा पर यह निर्भर है। जहां बोलने वाले को सुभीता हो, वहाँ वह सन्धि करे, जहाँ न हो, न करे। अथवा जहाँ सन्धि करके बोलने वाला सुनने वाले को अर्थ का परिचय सुगमता से करा सके, वहाँ सन्धि करना, अन्यत्र न करना।

इस दसवें नियम के अनुसार स्वयं-शिक्षक के प्रथम और द्वितीय भाग में बहुत स्थानों पर सन्धि नहीं किये हैं। जहाँ आवश्यक प्रतीत हुआ वहां किये हैं। 'स्वयं-शिक्षक' का उद्देश संस्कृत भाषा में विद्यार्थियों का सुगमता से प्रवेश कराना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये प्रथम अवस्था में सन्धि न करना अत्यन्त आवश्यक है। यदि प्रथमारम्भ में सब सन्धि करके वाक्य का एक गूढ बनाया जाय तो पाठक घबरा जायेंगे तथा उनकी बुद्धि में संस्कृत का प्रवेश नहीं होगा।

इस समय तक जो-जो संस्कृत की पुस्तकें बनी हैं, उनमें सब स्थानों पर सन्धि किये हुए रहने से पाठक उनको स्वयं नहीं पढ़ सकते, न उनसे स्वयं लाभ उठा सकते हैं। सन्धियों का परिचय

जोड़कर संस्कृत-मन्दिर में शीघ्र प्रवेश कराने का कार्य इस 'स्वयं-शिक्षक' के पुस्तकों का है। पाठक भी इस बात को स्वीकार करेंगे कि उनका प्रवेश संस्कृत-मन्दिर में इन पुस्तकों द्वारा सुगमता से हो रहा है।

अब हमने जो ऊपर दसवां नियम दिया हुआ है उसका परिज्ञान ठीक होने के लिये एक उदाहरण देते हैं।

[१] ततस्तमुपकारकमाचार्यमालोक्येश्वरभावनयाह।

यह वाक्य सब सन्धि करके लिखा है। इसमें बड़े सन्धि प्रायः कोई नहीं हैं। तथापि सब जोड़कर लिखने से पाठक इसको वैसा नहीं जान सकते जैसा निम्न प्रकार से लिखित जान सकते हैं—

[२] ततः तं उपकारकं आचार्यं आलोक्य ईश्वर भावनया आह। [पश्चात् उस उपकार करने वाले आचार्य को देखकर ईश्वर की भावना से (अर्थात् आदर भाव से) कहा।]

उक्त दोनों वाक्य एक ही हैं परन्तु प्रथम वाक्य कठिन है; दूसरा आसान है। इस कारण, द्वितीय वाक्य में कोई सन्धि नहीं किया। बोलने वाला इसी प्रकार अपनी मर्जी के अनुसार सन्धि करेगा अथवा नहीं भी करेगा।

कई समझते हैं कि संस्कृत में सब जोड़ अवश्य करने चाहियें परन्तु यह उनकी भूल है। वाक्य बोलने वाला स्वकीय इच्छा से जहां चाहिये वहां सन्धि करेगा, जहां न चाहिये वहां जैसे के वैसे अलग रहने देगा। यह बात सब सन्धियों के विषय में जाननी चाहिये, इसी कारण हमने बहुत थोड़े स्थानों पर सन्धि किये हैं। इस पुस्तक में मुख्य-मुख्य सन्धियों के नियम अवश्य आयेंगे। पाठकों को उचित है, कि वे इन नियमों को अच्छी

समझकर, जहाँ-जहाँ सन्धि करने की आवश्यकता हो, वहां-वहां नियमानुसार सन्धि किया करें ।

कई लोग समझते हैं कि वे सन्धि केवल संस्कृत में ही हैं। परन्तु यह उनकी भूल है। फ्रेंच, जर्मन आदि भाषाओं में भी ये सन्धि हैं। इंगलिश में भी ये संधि हैं, देखिये—

(१) It is—इट् इज्—यह वाक्य 'इटीज़' ऐसा ही बोला जाता है ।

(२) It is arranged out of court

इट् इज् अरेंज्ड आउट आफ कोर्ट ।

यह वाक्य निम्नलिखित प्रकार बोला जाता है :—

इ—टी—ज़रेंझ्डाउटाफ् कोर्ट

इस प्रकार इंगलिश में सहस्रों स्थानों पर बोलने वाले के इच्छानुरूप संधि होते हैं। परन्तु अंग्रेजी के व्याकरण में इनके विषय में कोई नियम नहीं दिया है। केवल इसी कारण लोग समझते हैं कि अंग्रेजी में कोई सन्धि नहीं होती ।

ठीक इसी प्रकार हिन्दी भाषा में भी स्थान-स्थान पर सन्धि होते हैं, देखिये :—

आप कब घर में जाते हैं ।

यह वाक्य निम्नलिखित प्रकार बोला जाता है :—

आपकब्घर्में जाते हैं ।

अर्थात् बोलने वाला 'आप, कब, घर' इन तीन शब्दों के अन्त के अक्षर का लोप करके बोलता है। परन्तु भाषा के व्याकरणों में इस विषय में कोई नियम नहीं दिया। संस्कृत का

व्याकरण ऋषियों ने अपनी सूक्ष्म बुद्धि से बनाया है, इस कारण उसमें सब नियम यथायोग्य दिये हैं, अस्तु। इससे सिद्ध हुआ कि सब भाषाओं में सन्धि है। सन्धि करना या न करना वक्ता के तथा अवसर के ऊपर निर्भर है।

वाक्य

(१) नृपेण तस्मै धनं दत्तम्।
(२) रामः सीतया सह वनं गतः।
(३) अपराधं विना तेन सः दण्डितः।
(४) कुमारेण कण्ठे माला धृता।
(५) मया तस्य वार्ता अपि न श्रुता।
(६) त्वया सुखं प्राप्तम्।
(७) कृष्णस्य उपदेशेन अर्जुनस्य मोहः नष्टः।
(८) गंगायाः उदकं स्नानार्थं अत्र आनय।
(९) ते गृहं गच्छन्ति।
(१०) लोकाः तं मुनिं नैव निन्दन्ति।

(१) राजा ने उसको धन दिया।
(२) राम सीता के साथ वन को गया।
(३) अपराध के विना उसने उसको दंड दिया।
(४) लड़केने गलेमें माला धारण की।
(५) मैंने उसकी बात भी नहीं सुनी।
(६) तूने सुख प्राप्त किया।
(७) कृष्ण के उपदेश से अर्जुन का मोह नाश हो गया।
(८) गंगा का जल स्नान के लिये यहाँ ले आ।
(९) वे घर जाते हैं।
(१०) लोग उस मुनि को नहीं निन्दते हैं।

पाठ छठा

शब्द—पुंल्लिंगी

भावितचेतः=विचारयुक्त । विषादः=खेद, कष्ट । विवेकः=विचार, सोच । विप्रः=ब्राह्मण । अविवेकः=अविचार । बालः=छोटा लड़का । राजन्=राजा । सर्पः=सांप । राज्ञः=राजा का । कृष्णसर्पः=काला साँप । वत्सः=लड़का, बछड़ा । चौरः=चोर । आचार्यः=गुरु । जनः=मनुष्य । कालः=समय । नकुलः=नेवला । अनुशयः=पश्चात्ताप । पाठकः=पढ़ने वाला ।

स्त्रीलिंगी

भार्या=धर्मपत्नी । बाला=लड़की, स्त्री । उज्जयिनी=उज्जयिन नगरी । आचार्या=स्त्री-अध्यापिका । उज्जयिन्याम्=उज्जयिन नगरी में । आचार्याणी=गुरुपत्नी ।

नपुंसकलिंगी

पार्वणं=पार्वणी में होने वाला श्राद्धादि । अपत्यं=सन्तान । आह्वानं=निमन्त्रण । श्राद्धं=श्राद्ध, मृतक्रिया, श्रद्धा से किया कर्म । दारिद्र्यं=दरिद्रता, गरीबी । पुरं=शहर, नगर ।

विशेषण

प्रसूता=प्रसूत हुई । व्यापादितवान्=हनन किया, मारा । विनिष्पन्न=निष्पन्न हुआ । परः=श्रेष्ठ, बहुत, दूसरा । खादित=खाया हुआ । पालित=पाला हुआ । व्यापादित=मारा हुआ, हनन किया हुआ । [illegible]=तोड़ा हुआ । सुस्थः=आराम से युक्त ।

अन्य

निर्वर्तितं=समाप्त । सत्वरं=शीघ्र । अथ=अनंतर । यथा-[illegible]=जैसा ।

क्रिया

अवस्थाप्य=रखकर। स्नातुं=स्नान करने के लिए। व्यवस्थाप्य=रखकर। लुलोट=पड़ा। उपगम्य=पास जाकर। यातुं=जाने को। अवधार्य=समझकर। ग्रहीष्यति=लेगा। उपसृत्य=पास होकर। उपगच्छति=पास जाता है। निरीक्ष्य=देखकर। व्यवस्थापयति=ठीक रखता है।

वाक्य

संस्कृत	भाषा
(१) अस्ति कलिकाता नगरे सूर्यशर्मा नाम विप्रः।	(१) कलकत्ता शहर में सूर्यशर्मा नामक ब्राह्मण है।
(२) प्रभावती नाम्नी तस्य भार्या सुशीला अस्ति।	(२) प्रभावती नामक उसकी धर्मपत्नी सुशीला है।
(३) एकदा सा नदी तीरे स्नानार्थं गता।	(३) एक बार यह नदी किनारे स्नान के लिये गई।
(४) सूर्यशर्मा ब्राह्मणः गृहे स्थितः।	(४) पं० सूर्यशर्मा घर में रहा।
(५) स अचिंतयत्।	(५) वह सोचने लगा।
(६) यदि सत्वरं अहं न गमिष्यामि।	(६) अगर शीघ्र मैं नहीं जाऊँगा।
(७) अन्यः कोऽपि तत्र गमिष्यति।	(७) दूसरा कोई वहाँ जाएगा।
(८) तत्र भार्या स्नानं कृत्वा शीघ्रं एव गृहं आगता।	(८) उसकी धर्मपत्नी स्नान करके जल्दी से ही घर आ गई।
(९) सूर्यशर्मा स्वभार्यां आगतां दृष्ट्वोक्तवान्।	(९) पं० सूर्यशर्मा अपनी धर्मपत्नी आई हुई देखकर बोला।

(१०) देवि ! अहं इदानीं बहिर्गन्तुं इच्छामि ।

(११) पत्नी ब्रूते—भगवन्, कुत्र गन्तुं इच्छा इदानीम् ?

(१२) राज्ञः गृहे निमन्त्रणं अस्ति ।

(१३) तर्हि गंतव्यम् । शीघ्रमेव आगन्तव्यम् ।

(१४) सत्वरं पाकादिकं सिद्धं भविष्यति ।

(१०) देवी, मैं अब बाहर जा[ना] चाहता हूँ ।

(११) पत्नी बोलती है—भगव[न्] कहां जाने की इच्छा है अब ?

(१२) राजा के घर निमंत्रण है

(१३) तो जाइये । जल्दी [वापस] आइये ।

(१४) शीघ्र ही भोजन तैया[र] होगा ।

(३) अविवेकोऽनुशयाय कल्पते

(३) अविचार पश्चात्ताप के लिए होता है ।

(१) अस्ति उज्जयिन्यां माधवः नाम विप्रः । तस्य भार्या प्रसूता । सा बालाऽपत्यस्य रक्षणार्थं पतिं अवस्थाप्य स्नातुं गता ।

(२)अथ ब्राह्मणाय राज्ञः पार्वणश्राद्धं दातुं आह्वानं आगतम् । तत् श्रुत्वा स विप्रः सहजदारिद्र्याद् अचिन्तयत ।

(३) यदि सत्वरं न गच्छामि तदा तत्र अन्यः कश्चित् श्राद्धं ग्रहीष्यति ।

(४) किन्तु बालकस्य अत्र रक्षको नास्ति । तत् किं करोमि । यातु । चिरकालाभिलषितं इदं लब्धं पुन निधि-

(१) उज्जयिनी नगरी में माध[व] नामक ब्राह्मण है । उसकी धर्मपत्[नी] प्रसूता हुई । वह बालसंतान की रक्[षा] के लिये पति को रखकर स्नान के लिये चली ।

(२) अनंतर ब्राह्मण के लिये राजा का पार्वणश्राद्ध देने के लिये निमन्त्रण आ गया । यह सुनकर वह ब्राह्मण स्वाभाविक दरिद्रता से सोचने लगा ।

(३) अगर शीघ्र नहीं जाता हूँ तो वहां दूसरा कोई श्राद्ध ले लेगा ।

(४) परन्तु बालक का यहां रक्षण करने वाला नहीं । तो क्या करूँ । जाने दो । बहुत समय से पाये हुए इस

शेषं बालकरक्षणार्थं व्यवस्थाप्य गच्छामि । तथा कृत्वा गतः ।

(५) ततः तेन नकुलेन् बालकस्य समीपं आगच्छन् कृष्णसर्पो दृष्ट्वा व्यापादितः खण्डितः च ।

(६) ततो असौ नकुलो ब्राह्मणं आयान्तं अवलोक्य रक्तविलिप्त मुखपादः सत्वरं उपगम्य तच्चरणयोः लुलोट ।

(७) ततः स विप्रः तथाविधं तं दृष्ट्वा बालकोऽनेन खादितः इति अवधार्य नकुलं व्यापादितवान् ।

(८) अनन्तरं यावद् उपसृत्य पश्यति तावद् बालकः सुस्थः सर्पः च व्यापादितः तिष्ठति ।

(९) ततः तं उपकारकं नकुलं विलोक्य भावितचेतः स परं विषादं गतः ।

पुत्र के समान नेवले को संतान की रक्षा के लिये रखकर जाता हूँ । वैसा करके गया ।

(५) पश्चात् उस नेवले ने बालक के पास आते हुए काले सांप को देखकर [उसको] मारा और टुकड़े किये ।

(६) अनन्तर यह नेवला ब्राह्मण को आते हुए देखकर खून से भरे हुए मुँह और पाँव [के साथ] शीघ्र पास जाकर उसके पांव पड़ा ।

(७) बाद वह ब्राह्मण वैसे उसको देखकर, बालक इसने खाया ऐसा समझकर नेवले को मार दिया ।

(८) अनन्तर जब पास जाकर देखता है, तब बालक आराम [में] है और सांप मरा हुआ है (ऐसा देखा) ।

(९) पश्चात् उस उपकार करने वाले नेवले को देखकर विचारमय होकर बहुत दुःख को प्राप्त हुआ ।

समास-विवरण

(१) अविवेकः—न विवेकः अविवेकः । अविचारः ।

(२) विप्रः—विशेषेण प्राज्ञः विप्रः । विशेषज्ञानयुक्तः ।

(३) सत्वरं—त्वरया सहितं सत्वरं । शीघ्रं ।

(४) बालक रक्षणार्थं—बालकस्य रक्षणं, बालक रक्षणम् ।
बालक रक्षणस्य अर्थः, बालक रक्षणार्थः
सः, बालक रक्षणार्थम् ।

(५) बालकसमीपं—बालकस्य समीपं, बालक समीपम् ।

(६) कृष्णसर्पः—कृष्णश्च असौ सर्पः कृष्णसर्पः ।

(७) रक्तविलिप्तमुखपादः—रक्तेन विलिप्तः मुखं च पादः च मुखपादौ । रक्तविलिप्तौ मुखपादौ यस्य स, रक्तविलिप्तमुखपादः ।

(८) तच्चरणौ—तस्य चरणौ, तच्चरणौ ।

(९) उपकारकः—उपकारं करोति, इति उपकारकः ।

(१०) भावितचेतः—भावितं चेतः मनः यस्य स, भावितचेतः ।

सन्धि किए हुए कुछ वाक्य

(१) मूर्खो[१] भार्यामपि[२] वस्त्रं न ददाति—मूर्ख धर्मपत्नी को भी कपड़े नहीं देता ।

(२) वसिष्ठो[३] राममुपदिशति[४]—वसिष्ठ राम को उपदेश देता है ।

(३) विप्रास्तत्वं[५] जानन्ति—पंडित लोग तत्व जानते हैं ।

(४) पर्वतेवृक्षास्सन्ति[६]—पर्वत पर वृक्ष हैं ।

(५) अग्निर्गृहं[७] दहति—आग घर जलाती है ।

(६) आचार्यस्तं[८] नापश्यत्[९]—गुरु ने उनको नहीं देखा ।

---

१. मूर्खः+भार्या । २. भार्याम्+अपि । ३ वसिष्ठः+रामं । ४ राम्+उपदिशति । ५ विप्राः+तत्वम् । ६ वृक्षा+सन्ति । ७ अग्निः+गृहं । ८ आचार्यः+तं । ९ न+अपश्यत् ।

(७) मूल्यमदत्त्वैव तेन धान्यमानीतम्—कीमत न देकर वह धा
लाया।

(८) नमस्ते—तेरे लिए नमस्कार।

(९) नमो भगवते वासुदेवाय—नमस्कार भगवान् वासुदेव के
लिये।

(१०) नमस्तुभ्यम्—तुम्हारे लिए नमस्कार।

(११) वसिष्ठविश्वामित्र भारद्वाजेभ्यो नमः—वसिष्ठ, विश्वामित्र,
भारद्वाज इनके लिये नमस्कार।

(१२) साधुभिर्जनैस्तव मित्रत्वमस्ति—साधु जनों के साथ तेरी
मित्रता है।

(१३) श्रीरामचन्द्रोजयतु—श्रीरामचन्द्र की जय हो।

(१४) श्रीधरोनद्यां स्नाति—श्रीधर नदी में स्नान करता है।

(१५) त्वामभिवादये—तुमको [मैं] नमस्कार करता हूँ।

पाठ सातवाँ

पूर्वोक्त छः पाठों में अकारान्त, इकारान्त तथा उकारान्त पुल्लिगी शब्द चलाने का प्रकार बताया है। इकारान्त तथा उकारान्त पुल्लिगी शब्द एक जैसे ही चलते हैं। इकारान्त पुल्लिगी शब्दों में जहाँ 'य' आता है वहाँ उकारान्त पुल्लिगी शब्दों में 'व' आता है, तथा 'इ और ए' के स्थान पर क्रमशः 'उ और ओ' आते हैं, यह सुविज्ञ पाठकों के ध्यान में आया होगा। इतनी बात ध्यान में रखने से शब्द कंठ करने की बहुत-सी मेहनत बच जाएगी।

दीर्घ आकारान्त, ईकारान्त तथा ऊकारान्त पुल्लिगी शब्द बहुत प्रसिद्ध न होने के कारण इस समय नहीं देते हैं। उनका विचार आगे करेंगे। अब क्रम प्राप्त ऋकारान्त शब्द के रूप देखिये—

ऋकारान्त पुल्लिगी 'धातृ' शब्द

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
(१)	धाता	धातारौ	धातारः
सं०	हे धातः [धातर]	हे ,,	हे ,,
(२)	धातारम्	,,	धातॄन्
(३)	धात्रा	धातृभ्याम्	धातृभिः
(४)	धात्रे	,,	धातृभ्यः
(५)	धातुः	,,	,,
(६)	धातुः	धात्रोः	धातॄणाम्
(७)	धातरि	,,	धातृषु

इसी प्रकार कर्तृ, नेतृ, नप्तृ शास्तृ, उद्गातृ, दातृ, ज्ञातृ, विधातृ इत्यादि शब्द चलते हैं। पाठकों को उचित है कि वे इन शब्दों के रूप कागजों पर लिखें, ताकि सब विभक्तियों के

रूप ठीक-ठीक स्मरण हो जायें। जितना बल पाठकगण इन शब्दों की तैयारी में लगा देंगे, उसी प्रमाण से उनकी संस्कृत बोलने, लिखने आदि की शक्ति बढ़ेगी।

पूर्वोक्त छः पाठों में पाठकों ने देखा होगा कि वाक्यों में कई शब्द अकेले होते हैं तथा कई शब्द दो-दो तीन-तीन अथवा अधिक शब्द मिलकर बनते हैं। दो अथवा दो से अधिक शब्दों से बने हुए शब्द-समुदाय को 'समास' कहते हैं। जैसे—रामकृष्ण, गंगाधर, कृष्णार्जुन, ज्वरार्त, तपोवन, मुनिमूषक इत्यादि। ये तथा इसी प्रकार के सहस्रों सामासिक शब्द संस्कृत में प्रतिदिन प्रयुक्त होते हैं। समासों द्वारा थोड़ा बोलने से बहुत अर्थ निष्पन्न होता है।

(१) 'गंगाया लहरी' ऐसा कहने की अपेक्षा 'गंगालहरी' इतना कहने से ही 'गंगा की लहर' ऐसा अर्थ उत्पन्न होता है।

(२) 'पीतं अंबरं यस्य सः' इतना कहने की अपेक्षा 'पीतांबरं' इतना ही कहने से, पीला है वस्त्र जिसका वह (विष्णु) इतना अर्थ निष्पन्न होता है।

(३) तस्य वचनं=तद्वचनम्।

(४) प्रजायाः हितं=प्रजाहितम्।

(५) भरतस्य पुत्रः=भरतपुत्रः।

इस प्रकार अन्यान्य शब्दों के विषय में जानना चाहिए। जब पाठकों के पास इस प्रकार का सामासिक शब्द आ जायगा, तब प्रथम उसके पद अलग-अलग करके और पूर्वापर सम्बन्ध देखकर उन पदों का अर्थ लगाना। जैसे—

(१) अकीर्तिकरम् : अ + कीर्ति + करं = न कीर्तिः = अकीर्तिः, अकीर्तिं करोति इति = अकीर्तिकरम्।

(२) मूषकशावकः=मूषक+शावकः=मूषकस्य
शावकः=मूषकशावकः ।

(३) रक्तविलिप्तमुखपादः=रक्त+विलिप्त+मुख+पादः=
रक्तेन विलिप्तं=रक्तविलिप्तम् ।
मुखं च पादः च=मुखपादौयस्य सः=
रक्तविलिप्तमुखपादः ।

इस प्रकार समासों का विग्रह करने का प्रकार होता है, ऐसा करने से समास का अर्थ खुल जाता है। समासों के प्रकार बहुत हैं। उन सब का वर्णन हम आगे करेंगे। यहाँ केवल नमूना बताया जाता है।

(११) नियम—संस्कृत में अकार के बाद आने वाले विसर्ग के सम्मुख आ जाने से उस अकार सहित विसर्ग का 'ओ' होता है, और आगे का अकार लुप्त हो जाता है तथा अकार के स्थान पर, अकार का सूचक ऽ ऐसा चिह्न लिखते हैं।

ऽ यह चिह्न अवश्यमेव लिखना चाहिए, ऐसा कोई नियम नहीं। कोई लिखते हैं कोई नहीं लिखते। बोलने में अकार का उच्चारण नहीं होता। (परन्तु बोलने वाले की इच्छा हो तो अकार का उच्चारण भी कर सकता है)। अर्थात् सन्धि का नियम वक्ता जिस समय चाहे उसी समय प्रयोग में आ सकता है। जैसे—

(१) कः अपि=कोऽपि
(२) रामः अगच्छत्=रामोऽगच्छत्।
(३) धन्यः अस्मि=धन्योऽस्मि।

} अः+अ=ओऽ

(१२) नियम—पदान्त के अनुस्वार का 'म्' होता है और उसके आगे जो स्वर आ जाएगा, उस स्वर के साथ वह मकार मिल जाता है। जैसे—

(१) किं अस्ति=किमस्ति ।

(२) वधं अभिकांक्षन्=वधमभिकांक्षन् ।

(३) इदं औषधम्=इदमौषधम् ।

इस प्रकार सब सन्धि जोड़कर वाक्य लिखने से पाठकों को स्वयं पढ़ने में बड़ी कठिनता होगी, इसलिये इस पुस्तक में किसी-किसी स्थान पर सन्धि किये हैं, अन्य स्थानों पर नहीं किये । पाठकों को उचित है कि इन नियमों के अनुसार वे पाठों में जहाँ-जहाँ सन्धि नहीं किया है, वहाँ-वहाँ अवश्य सन्धि बनायें, और हर एक पाठ सन्धि करके लिख दें, जिससे कि सन्धियों का अभ्यास दृढ़ हो जाए ।

शब्द—पुल्लिंगी

दण्ड:=सोटी, डण्डा । महावीर:=बड़ा शूर, एक देवता । प्रत्येक:=हर एक । मास:=महीना । मासि=महीने में । दुरात्मन्=दुष्ट आत्मा । विप्रवेश:=पंडित की पोशाक । वासर:=दिन । नन्दन:=पुत्र, लड़का । प्रहसन्=हंसता हुआ । भवताम्=आपका । भवन्त:=आप (बहुवचन) । भवान्=आप (एकवचन) । बलि:=बली, भोजन । दुष्टाशय:=बुरे मन वाला । महाशय:=अच्छे मन वाला । अभिकांक्षन्=इच्छा करने वाला । जनपद:=प्रदेश । मधुपर्क:=दहि, मधु, घी । पार्थिव:=राजा । स्तुवन्=स्तुति करता हुआ । [illegible]:=[illegible] ।

स्त्रीलिंगी

[illegible]=[illegible] लिपि, [illegible] । भूमि:=पृथ्वी । [illegible]=[illegible]शाला ।

नपुंसकलिंगी

[illegible] । [illegible]

भयंकर । द्वन्द्वं=मल्लयुद्ध । द्वन्द्वयुद्धं=मल्लयुद्ध । वस्तु=पदार्थ । स्ववेश्मन=अपना घर । वेश्मन=घर । आसनं=आसन । गृहं=घर । मद्गृहं=मेरा घर । कारागृहं=जेलखाना ।

विशेषण

मन्वानः=मानने वाला । भीषण=भयंकर । संशोधित=शुद्ध किया हुआ । कारागृहीत=जेल में पड़ा हुआ । कृतकृत्य=कृतार्थ । दीक्षित=जिसने दीक्षा ली हुई है । बलिष्ठ=बलवान् । उचित=योग्य, ठीक, मुनासिब ।

अन्य

बहुधा=अनेक प्रकार से । पुरा=प्राचीन काल में । किल=निश्चय से । यथोचित=योग्यतानुसार । इति=ऐसा । द्विधा=दो प्रकार से । दण्डवत=सोटी के समान । वस्तुतः=सचमुच ।

क्रिया

जित्वा=जीत करके । निरुध्य=बंद करके । समुपवेश्य=बैठाकर । आकर्ण्य=सुनकर । प्रणम्य=नमस्कार करके । संपूज्य=पूजा करके । हत्वा=हनन करके । घातयित्वा=हनन करके । वृणीष्व=चुन । वरयामास=चुना । आसीत्=था । अकरोत्=करता था । प्रदास्यामि=दूंगा । प्रवर्तते=होता है । मोचयामास=खुला किया । निपातयामास=गिराया । प्रतिपेदिरे=प्राप्त हुए ।

वाक्य

(१) पुरा किल कृष्णकृत्यो नाम एकः क्षत्रियः आसीत् ।	(१) प्राचीन काल में कृष्णकृत्य नामक एक क्षत्रिय था ।
(२) स दुष्टात्मान्यायेन अचरत् ।	(२) वह दुष्ट आत्मा अन्याय से आचरण करता था ।

(३) तेन बहवः क्षत्रियाः कारागृहे स्थापिताः।

(३) उसने बहुत क्षत्रिय जेलखाने में डाल रखे थे।

(४) तस्मिन् राज्ये शासति* न कोऽपि सुखं प्राप्तवान्।

(४) उसके राज्य शासन के समय किसी को भी सुख प्राप्त नहीं हुआ।

(५) सर्वे धार्मिकाः तस्य राज्यं त्यक्त्वा अन्यत्र गताः।

(५) सब धार्मिक (पुरुष) उसका राज्य छोड़कर दूसरे स्थान पर गये।

(६) श्रीकृष्णः तस्य वधमिच्छन् तस्य राजधानीं गतः।

(६) श्रीकृष्ण उसके वध की इच्छा करता हुआ उसकी राजधानी में गया।

(७) तेन सह भीमोऽपि आसीत्।

(७) उसके साथ भीम भी था।

(८) भीमसेनः कृष्णकृत्येन सह मल्लयुद्धमकरोत्।

(८) भीमसेन ने कृष्णकृत्य के साथ मल्लयुद्ध किया।

(४) जरासंध-कथा

(१) पुरा किल जरासंधो नाम कोऽपि क्षत्रियः आसीत्। स दुरात्मा महावीरान् क्षत्रियान् युद्धे निर्जित्य स्ववेश्मनि निरुध्य मासि-मासि कृष्णचतुर्दश्यां एकैकं हत्वा भैरवाय तेषां बलिं अकरोत्।

(२) एवं सकल-जनपद-क्षत्रियवधे दीक्षितस्य तस्य दुरात्मनः वधं अभिवाञ्छन् श्रीकृष्णः भीमार्जुनाभ्यां सह तस्य गृहं विप्रवेषेण प्रविवेश।

(४) जरासंध-कथा

(१) पूर्वकाल में निश्चय से जरासंध नामक कोई एक क्षत्रिय था। वह दुरात्मा बड़े शूर क्षत्रियों को युद्ध में जीतकर अपने घर में बन्द करके प्रत्येक महीने में कृष्ण (पक्ष के) चतुर्दशी के दिन एक-एक को हनन करके भैरव के लिये उनकी बलि करता था।

(२) इस प्रकार सम्पूर्ण देश के क्षत्रियों का हनन करने की दीक्षा (व्रत) लिये हुए, उस दुरात्मा के वध की इच्छा करते श्रीकृष्ण, भीम तथा अर्जुन के साथ उसके घर में ब्राह्मण के वेषधारण से प्रविष्ट हुए।

* [illegible] है। संस्कृत में इस प्रकार के प्रयोग बहुत आते हैं, [illegible]

(३) स तु तान् वस्तुतो विप्रान् एव मन्वानो दण्डवत् प्रणम्य यथोचितं आसनेषु समुपवेश्य मधुपर्कदानेन संपूज्य, धन्योऽस्मि, कृतकृत्योऽस्मि, किमर्थं भवन्तो मद्गृहं आगताः तद्वक्तव्यम्।

(३) वह तो उनको सचमु ब्राह्मण ही समझकर सोटी के सम (दण्डवत्) नमस्कार करके, यथ योग्य आसनों के ऊपर बिठला मधुपर्क देकर पूजा करके, (मैं) ध हूँ, (मैं) कृतकृत्य हूँ, किस लिए आ मेरे घर आये, वह कहिये।

(४) यद् यद् अभिलषितं तत् सर्वं भवतां प्रदास्यामि इति उवाच। तद् आकर्ण्य भगवान् श्रीकृष्णः प्रहसन् पार्थिवं तं अब्रवीत्।

(४) जो जो आपको इच्छि होगा वह सब आपको दूंगा, ऐ बोला। यह सुनकर भगवान् श्रीकृ हँसता हुआ उस राजा से बोला।

(५) भद्र, वयं कृष्ण-भीमार्जुनाः युद्धार्थं समागताः। अस्माकं अन्यतमं द्वंद्वयुद्धार्थं वृणीष्व इति।

(५) 'हे कल्याण, हम कृष्ण भीम, अर्जुन युद्ध के लिए आये हैं हमारे में से किसी एक को द्वंद्वयुद्ध लिए चुनो' (ऐसा)।

(६) सोऽपि महाबलः 'तथा' इति वदन् द्वंद्वयुद्धाय भीमसेनं वरयामास। अथ भीमजरासंधयोः भीषणं मल्लयुद्धं पञ्चविंशति वासरान् प्रवर्तते स्म।

(६) उस महाबली ने भी 'ठी ऐसा कहकर मल्लयुद्ध के लिए भी सेन को चुना। पश्चात् भीम अ जरासंध इनका भयंकर मल्लयुद्ध पच्ची दिन हुआ।

(७) अन्ते च भगवता देवकीनन्दनेन संबोधितः स भीमसेनः तस्य शरीरं द्विधा कृत्वा भूमौ निपातयामास।

(७) अन्त में भगवान् देवकी- (कृष्ण) से कहे हुए, उस भीमसेन उसके शरीर के दो हिस्से करके भू पर गिराये।

(८) एवं बलिष्ठं जरासंधम् पाण्डुपुत्रेण घातयित्वा तेन कारागृहोरुद्धान् पार्थिवान् वासुदेवो मोचयामास।

(८) इस प्रकार बलवान् जरास को पाण्डु के पुत्र द्वारा मरवाकर, उस कैदखाने में बन्द किये हुए राजा को, श्रीकृष्ण ने छोड़ दिया।

(६) तेऽपि तं भगवंतं बहुधा स्तुवन्तः स्वान् स्वान् जनपदान् प्रतिपेदिरे ।

(महाभारतम्)

(६) वे भी उस भगवान् को बहुत प्रकार स्तुति करते हुए अपने प्रदेश को प्राप्त हुए ।

(महाभारतम से)

समास-विवरणम्

(१) दुष्टाशयः—दुष्टः आशयः यस्य स, दुष्टाशयः, दुरात्मा ।

(२) भीमार्जुनसहितः—भीमः च अर्जुनः च भीमार्जुनौ । भीमार्जुनाभ्यां सहितः, भीमार्जुन सहितः ।

(३) मधुपर्कदानं—मधुपर्कस्य दानं, मधुपर्कदानम् ।

(४) कृष्णभीमार्जुनाः—कृष्णश्च भीमश्च अर्जुनश्च, कृष्णभीमार्जुनाः ।

(५) देवकीनंदनः—देवक्याः नंदनः, देवकीनंदनः ।

(६) सकलजनपदक्षत्रियवधः—सकलं च यत् जनपदं च, सकलजनपदं । सकलजनपदस्य क्षत्रियाः, सकलजनपदक्षत्रियाः । सकलजनपदक्षत्रियाणां वधः—सकलजनपदक्षत्रियवधः ।

पाठ आठवां

संस्कृत में पुल्लिंग के ऋकारान्त, एकारान्त, ऐकारान्त ओकारान्त तथा औकारान्त शब्द हैं, परन्तु इनमें बहुत ही थोड़े ऐसे हैं कि जो व्यावहारिक बोलचाल में आते हैं । इसलिए इनको छोड़कर अकारान्त पुल्लिंग शब्दों के रूपों का प्रकार यह दिखाते हैं—

अन्नन्त पुल्लिंगी 'ब्रह्मन्' शब्द

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
(१)	ब्रह्मा	ब्रह्माणौ	ब्रह्माणः
(सं)	(हे) ब्रह्मन्	(हे) ,,	(हे) ,,
(२)	ब्रह्माणम्	,,	ब्रह्मणः
(३)	ब्रह्मणा	ब्रह्मभ्याम्	ब्रह्मभिः
(४)	ब्रह्मणे	,,	ब्रह्मभ्यः
(५)	ब्रह्मणः	,,	,,
(६)	,,	ब्रह्मणोः	ब्रह्मणाम्
(७)	ब्रह्मणि	,,	ब्रह्मसु

इसी प्रकार जिनके अन्त में 'अन्' है ऐसे आत्मन्, यज्वन्, सुशर्मन्, कृष्णवर्मन्, अर्यमन् इत्यादि अन्नन्त शब्द चलते हैं। पाठकों को उचित है कि वे इनको स्मरण करके इन शब्दों के रूप लिखें। अन्नन्त शब्दों में कई ऐसे शब्द हैं कि जिनके रूप 'ब्रह्मन्' शब्द से कुछ भिन्न प्रकार के होते हैं, उनमें 'राजन्' शब्द मुख्य है।

अन्नन्त पुल्लिंगी 'राजन्' शब्द

(१)	राजा	राजानौ	राजानः
(सं)	(हे) राजन्	(हे) ,,	(हे) ,,
(२)	राजानम्	,,	राज्ञः
(३)	राज्ञा	राजाभ्याम्	राजभिः
(४)	राज्ञे	,,	राजभ्यः
(५)	राज्ञः	,,	,,
(६)	,,	राज्ञोः	राज्ञाम्
(७)	राज्ञि / राजनि	राज्ञोः	राजसु

इस शब्द के समान 'मज्जन्, सीमन्, गरिमन्, लघिमन्

सुनामन्, दुर्णामन्, अणिमन्,' इत्यादि शब्द चलते हैं। पाठकों को चाहिए कि वे इनके रूप बनाकर लिखें, जिससे कि इनके रूप बनाना वे भूल न जायें। अब कुछ स्वरसन्धि के नियम लिखते हैं।

(१३) नियम—अ, इ, उ, ऋ इन स्वरों के सम्मुख सजातीय ह्रस्व अथवा दीर्घ यही स्वर आ जायें तो, उन दोनों स्वरों का एक सजातीय दीर्घ स्वर बनता है। जैसे—

अ+अ=आ	अ+आ=आ
आ+अ=आ	आ+आ=आ
इ+इ=ई	ई+इ=ई
इ+ई=ई	ई+ई=ई
उ+उ=ऊ	ऊ+उ=ऊ
उ+ऊ=ऊ	ऊ+ऊ=ऊ
ऋ+ऋ=ॠ	

इनके उदाहरण नीचे दिये हैं, उनको देखने से उक्त नियम ठीक प्रकार समझ में आवेगा।

[अ]

वसिष्ठ+आश्रमः=वसिष्ठाश्रमः=अ+आ=आ

रमा+आनन्दः=रमानंदः=आ+आ=आ

हिम+अरण्यः=हिमारण्यः=अ+अ=आ

देवता+अंशः=देवतांशः=आ+अ=आ

इन उदाहरणों में प्रथम दो शब्द दिये हैं, पश्चात् उनका संधि बनाकर रूप दिया है, तत्पश्चात् कौनसे स्वर मिलने से कौन-सा स्वर हुआ है, यह बताया है। इसी प्रकार अन्य स्वरों के उदाहरण नीचे दिये हैं :—

[इ]

कवि+इष्टम्=कवीष्टम्=इ+इ=ई

नदी+इच्छा=नदीच्छा=ई+इ=ई

कवि+ईश्वरः=कवीश्वरः=इ+ई=ई

लक्ष्मी+ईश्वरः=लक्ष्मीश्वरः=ई+ई=ई

[उ]

भानु+उदयः=भानूदयः=उ+उ=ऊ

चमू+ऊर्मिः=चमूर्मिः=ऊ+ऊ=ऊ

वधू+उच्छिष्टम्=वधूच्छिष्टम्=ऊ+उ=ऊ

सूनु+ऊरुः=सूनूरुः=उ+ऊ=ऊ

ऋकार के सन्धि प्रसिद्ध नहीं हैं, इसलिये नहीं दिये हैं।

पाठकों को चाहिए कि वे इस सन्धि-नियम को ठीक स्मरण रखें। क्योंकि यह नियम बहुत उपयोगी है। अब नीचे कुछ शब्द दिये हैं, उनको कण्ठ कीजिये:—

शब्द—पुल्लिंगी

अधिपतिः=राजा। भ्रातृ=भाई। पतिः=स्वामी। भ्रातरं=भाई को। दुर्गम्=किला। अधीशः=स्वामी, राजा। अधिकारः=हुकूमत। दीनारः=मोहर। उदन्तः=वृत्तान्त। स्वामिन्=स्वामी। बहुमानः=बहुत सम्मान। स्वामिने=स्वामी के लिये। ईशः=स्वामी। वदन्=बोलता हुआ।

नपुंसकलिंगी

भाषितम्=बोलना। यौवनं=तारुण्य, जवानी। सहस्रं=हजार। तेजस्=तेज, चमक। आर्जवं=सरलता। तेजसा=तेज से।

विशेषण

पीन=मोटा-ताजा। अधर्मशील—अधार्मिक। कृपण—कंजूस। भ्रष्टाधिकार—जिसका अधिकार छीना है। इतर—अन्य। गत—प्राप्त, गया हुआ, (संबंध में-उसके)। सुलभ—सुप्राप्य, आसान। दुर्गगत—किले के भीतर। दुर्विनीत—नम्रता-रहित। कारित—कराया। क्रूर—क्रोधी, गुस्सा करने वाला। तुष्ट—खुश। अन्याय-प्रवृत्त—अन्याय में प्रवृत्त।

अव्यय

इह—इस लोक में। अमुत्र—परलोक में। मह्यम्—मुझे, मेरे लिए। अग्रे—सम्मुख।

धातु साधित

भेतव्यं—डरने योग्य। रक्षितव्यं—रक्षा करने योग्य।

क्रिया

लभते—प्राप्त करता है। अपृच्छत्—पूछा (उसने)। बिभेमि—डरता हूँ। अब्रवीत्—बोला (वह)। बिभेषि—डरता है (तू)। अभाषत—बोला (वह)। शास्ति—राज्य करता है। अवदत्—बोला (वह)। बिभेति—डरता है। अवदम्—(मैंने) कहा। अपृच्छम्—(मैंने) पूछा। अवदः—(तूने) कहा। अपृच्छः—(तूने) पूछा। अकथयः—(तूने) कहा। अगच्छत्—गया। शास्मि—राज्य करता हूँ।

वाक्य

संस्कृत	भाषा
(१) [illegible] राजा [illegible]।	(१) [illegible]

(२) किमर्थं स राजा तमेव पुरुषमपृच्छत् ।

(३) यतः स पुरुषः दुर्गप्रदेशाद् आगतः ।

(४) पुरुषेण राज्ञे किं कथितम् ।

(५) दुर्गपालः कृपणोऽधार्मिकः क्रूरोऽविनीतः च अस्ति इति पुरुषोऽवदत् ।

(६) तद् आकर्ण्य राजा क्रोधं प्राप्तः ।

(७) पुरुषेण उक्तम् । क्रोधः किमर्थं क्रियते । यन्मया उक्तं तत्सत्यं अस्ति ।

(८) यः पुरुषः ईश्वराद् बिभेति स इतरस्माद् कस्माद् अपि न बिभेति ।

(९) राजा तस्य वचनेन तुष्टः सन् तस्मै दीनाराणां सहस्रं ददौ ।

(१०) यः सत्यं वदति तं ईश्वरः सदैव रक्षति ।

(११) अतः सर्वे सत्यमेव वदन्ति ।

(५) कृतार्थंसत्यवादित्वम्

(२) क्यों वह राजा उसी पु से पूछता था ।

(३) क्योंकि वह पुरुष दुर्ग- से आया था ।

(४) पुरुष ने राजा को क्या कह

(५) दुर्गपाल कंजूस, अधार्मि क्रूर, अनम्र है, ऐसा मनुष्य ने कहा

(६) यह सुनकर राजा क्रोध प्राप्त हुआ ।

(७) पुरुष ने कहा—गुस्सा कि लिये किया जाता है । जो मैंने क वह सत्य है ।

(८) जो मनुष्य ईश्वर से ड है, वह ईश्वर से भिन्न दूसरे किसी भी नहीं डरता ।

(९) राजा (ने) उसके भाषण सन्तुष्ट होकर उसको हजार मोहरें

(१०) जो सत्य बोलता है, उ ईश्वर हमेशा रक्षा करता है ।

(११) इस कारण सब लोग बोलते हैं ।

(५) सच बोलने से कृतकार्

दुर्गात् आगतं कंचित् पुरुषं दुर्गपाल-गतं उदन्तं अपृच्छत ।

(२) पुरुषः अब्रवीत् । स दुर्गपालः पीनः यौवन-सुलभेन तेजसा बलेन च युक्तः स्वर्गा-धिपतिरिव कालं नयति ।

(३) दर्पसारः प्राह । नाहं तस्य शरीरस्वास्थ्यं पृच्छामि किन्तु कथं स प्रजाः शास्ति इति मह्यं कथय ।

(४) पुरुषोऽभाषत । 'स कृपणः धर्महीनः दुर्विनीतः क्रूरः च अस्ति । राजा अभाषत । प्रजाभिः दोषान् तस्य राज्ञे कथयित्वा किमर्थं [illegible]धिकारो न पातितः ।

(५) पुरुषोऽभाषत् । तस्य स्वामी स्वयमेव अन्याय-प्रवृत्तः [illegible] ।

(६) राजा अभाषत । पुरुष, न [illegible] [illegible] । पुरुषः [illegible] । जानामि [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ।

(७) राजा अभाषत् । पुरुष [illegible]

सार ने दुर्ग से आये हुए किसी एक पुरुष को दुर्गपाल-सम्बन्धी वृत्तान्त पूछा ।

(२) पुरुष बोला । वह दुर्गपाल मोटा-ताजा, तारुण्य के कारण प्राप्त हुए तेज से तथा बल से युक्त स्वर्ग के राजा के समान समय व्यतीत करता है ।

(३) दर्पसार बोला । मैं उसके शरीर का स्वास्थ्य नहीं पूछता हूँ, परन्तु कैसा वह प्रजा के ऊपर राज्य करता है, यह मुझे कह ।

(४) पुरुष बोला । वह कंजूस, अधार्मिक, नम्रता-रहित और क्रोधी है । राजा बोला, प्रजाओं ने उसके दोष राजा को कथन करके क्यों अधिकार-भ्रष्ट न कराया ।

(५) पुरुष बोला । उसका स्वामी स्वयं भी अन्याय करने वाला है ।

(६) राजा बोला । हे मनुष्य तू नहीं जानता [illegible] [illegible] है । पुरुष बोला—मैं जानता हूँ कि तुम दुर्गपाल के बड़े [illegible] [illegible] [illegible] हो ।

(७) राजा बोला । [illegible] [illegible]

वृत्तान्तं मम अग्रे कथितुं कथं न बिभेषि।

मेरे सामने कहने के लिये तू कैसे नहीं डरता है।

(८) पुरुषः अवदत्। ईश्वराद् बिभ्यत्पुरुषः तदितरस्मात् कस्माद् अपि न बिभेति।

(८) पुरुष बोला—ईश्वर से डरने वाला मनुष्य उसके सिवाय अन्य किसी से भी नहीं डरता।

(९) तथा च सत्यं वदन् जनो मनसाऽपि असत्यं न चिंतयति।

(९) उसी प्रकार सच बोलने वाला मनुष्य झूठ को मन से भी नहीं चिन्तन करता है।

(१०) अनेन वचनेन तुष्टो राजा पुरुषस्य आर्जवं दृष्ट्वा तस्मै दीनार-सहस्रं अददात् अवदत् च। सत्यभाषणे कृतनिश्चयेन पुरुषेण न कस्मादपि भेतव्यम्।

(१०) इस भाषण से खुश हुए हुए राजा ने, पुरुष की सरलता को देखकर उसको हजार मोहरें दीं और कहा—सत्यभाषण करने का निश्चय किये हुए पुरुष को किसी से भी नहीं डरना चाहिये।

(११) यतः स सदा ईश्वरेण रक्षितव्यः। सत्यवादी इह अमुत्र च बहुमानं लभते।

(११) कारण वह सदैव परमेश्वर से रक्षित होता है। सत्य भाषण करने वाला इस लोक तथा परलोक में बहुत सम्मान प्राप्त करता है।

समास—विवरणम्

(१) मालवाधिपतिः—मालवस्य अधिपतिः, मालवाधिपतिः।

(२) शरीरस्वास्थ्यम्—शरीरस्य स्वास्थ्यं, शरीरस्वास्थ्यम्।

(३) अधर्मशीलः—न धर्मः अधर्मः। अधर्मं शीलं यस्य सः अधर्मशीलः।

(४) भ्रष्टाधिकारः—भ्रष्टः अधिकारः यस्मात् सः, भ्रष्टाधिकारः

(५) अन्यायप्रवृत्तः—अन्याये प्रवृत्तः, अन्यायप्रवृत्तः ।
(६) दीनारसहस्रं—दीनाराणां सहस्रं, दीनारसहस्रम् ।
(७) सत्यभाषणं—सत्यं च तत भाषणं, सत्यभाषणम् ।
(८) कृतनिश्चयः—कृतः निश्चय येन स, कृतनिश्चयः ।

पाठ नवां

नकारान्त पुल्लिगी शब्दों में 'श्वन्, युवन्, मघवन्,' इन शब्दों के रूप कुछ विलक्षण प्रकार से होते हैं । उनको नीचे देते हैं—

नकारान्तः पुल्लिगी 'श्वन्' शब्द

(१)	श्वा	श्वानौ	श्वानः
(सं०)	(हे) श्वन्	(हे) ,,	(हे) ,,
(२)	श्वानम्	,,	शुनः
(३)	शुना	श्वभ्याम्	श्वभिः
(४)	शुने	,,	श्वभ्यः
(५)	शुनः	,,	,,
(६)	,,	शुनोः	शुनाम्
(७)	शुनि	,,	श्वसु

नकारान्त पुल्लिगी 'युवन्' शब्द

(१)	युवा	युवानौ	युवानः
(सं०)	(हे) युवन्	(हे) ,,	(हे) ,,
(२)	युवानम्	,,	ऊनः
(३)	ऊना	युवभ्याम्	युवभिः
(४)	ऊने	,,	युवभ्यः
(५)	ऊनः	,,	,,

(६)	यूनः	यूनोः	यूनाम्
(७)	यूनि	,,	युवसु

नकारान्त पुल्लिंगी 'मघवन्' शब्द

(१)	मघवा	मघवानौ	मघवानः
(सं०)	(हे) मघवन्	(हे) ,,	(हे) ,,
(२)	मघवानम्	,,	मघोनः
(३)	मघोना	मघवभ्याम्	मघवभिः
(४)	मघोने	,,	मघवभ्यः
(५)	मघोनः	,,	,,
(६)	,,	मघोनोः	मघोनाम्
(७)	मघोनि	,,	मघवसु

श्वन् (कुत्ता), युवन् (जवान), मघवन् (इन्द्र), ये इनके अर्थ हैं। इनके प्रयोग संस्कृत में बहुत बार आते हैं। इसलिये पाठकों को चाहिये कि वे इनका ठीक-ठीक स्मरण रखें। अब कुछ सन्धि के नियम देते हैं :—

(१४) नियम—पदान्त के मकार के सम्मुख क, च, ट, त, प, इन पाँच वर्गों में से कोई व्यंजन आ जाय तो उस मकार का अनुस्वार बनता है अथवा उसी वर्ग का अनुनासिक (पाँचवां व्यंजन) बनता है जैसे:—

पीतम् + कुसुमम् = पीतं कुसुमम्,	अथवा	पीतङ्कुसुमम्,
रक्तम् + जलम् = रक्तं जलम्	,,	रक्तञ्जलम्,
चक्रम् + ढौकति = चक्रं ढौकति	,,	चक्रण्ढौकति,
पुस्तकम् + दर्शय = पुस्तकं दर्शय	,,	पुस्तकन्दर्शय,
दुग्धम् + पीतम् = दुग्धं पीतम्	,,	दुग्धम्पीतम्,

सम्मुख पूर्वोक्त पांच वर्ग के व्यञ्जन आने से, उस अनुस्वार अथवा मकार का, उसी वर्ग का अनुनासिक बनता है जैसे:—

अलंकार=अलङ्कारः [ज़ेवर]

पंचांगम्=पञ्चांगम् [जन्त्री]

मंदिरम्=मन्दिरम् [घर]

पंडितः=पण्डितः [विद्वान्]

पंपा=पम्पा [एक सरोवर]

परन्तु आजकल यह नियम कुछ शिथिल हुआ है। छपाई के तथा लिखने के सुभीते के लिये दोनों प्रकार के रूप छापे तथा लिखे जाते हैं। पाठकों को यही ध्यान देना चाहिये कि ये नियम विशेषतया उच्चारण के लिये होते हैं। अनुस्वार लिखा जाय अथवा परसवर्ण—अनुनासिक लिखा जाय, दोनों का उच्चारण एक ही प्रकार का होना चाहिए। जैसा :—

गंगा }
गङ्गा } इन दोनों का उच्चारण 'गङ्गा' ऐसा ही करना चाहिए।

भाषा में भी यह नियम बहुतांश में है 'कंघी, घंटा, धंदा, अंदर, [illegible], [illegible], गुंफा' इत्यादि शब्द 'कङ्घी, घण्टा, धन्दा, अन्दर, [illegible], [illegible], गुम्फा' ऐसे ही बोले जाते हैं। कोई गलती से 'घन्टा, धन्टा' ऐसा उच्चारण करेगा तो उसकी उसी समय हँसी हो जायगी। यही बात संस्कृत शब्दों की भी समझनी चाहिए।

इसी नियम १६ के विषय में भी समझना चाहिये कि अनुस्वार लिखकर आगे व्यञ्जन स्वर भी लिखा जाय तो दोनों का [illegible] उच्चारण करना चाहिये। जैसा :—

[illegible]

[illegible]

वृक्षम् आलोक्य=(इसका उच्चारण)=वृक्षमालोक्य
दृष्टम् अस्ति= " =दृष्टमस्ति

सुगमता के लिये किसी प्रकार लिखा जाय परन्तु उच्चारण एक जैसा होना चाहिये। यदि किसी कारण वक्ता उनको अलग बोलना चाहे तो भी बोल सकता है। इस पुस्तक में पाठकों के सुभीते के लिये मकार, अनुस्वार तथा स्वर बहुत स्थान पर अलग ही छापे हैं। अब कुछ शब्द नीचे देते हैं।

शब्द—पुंल्लिगी

स्पृशन्—स्पर्श करता हुआ। व्यपदेशः—कुटुंब, नाम, जाति। अभावः—न होना। नाथः—स्वामी। गजः—हाथी। यूथः—समुदाय। अभ्युपायः—उपाय। पर्वतः—पहाड़। दूतः—दूत, नौकर। पतिः—स्वामी। जन्तुः—प्राणी। शशकः—खरगोश। चंद्रः—चांद। शशांकः—चांद। प्रतिकारः—प्रतिबंध, उपाय। वाचकः—बोलने वाला।

स्त्रीलिंगी

पिपासा—प्यास। तृषा—प्यास। वृष्टिः—वर्षा। आहतिः—आघात। वृष्ट्याः—वर्षा के।

नपुंसकलिंगी

कुसुमं—फूल। जीवनं—जिन्दगी। निमज्जनं—स्नान, डुबकी। कुलं—कुटुम्ब। चंद्रबिम्बं—चंद्र की छाया। अज्ञानं—ज्ञान रहितता। ह्रदः—तालाब। तीरं—किनारा। शस्त्रं—हथियार। सरः—तालाब।

विशेषण

पीत—पीला। क्षुद्र—छोटा। तृषार्त—प्यासा। कर्तव्य—करने

योग्य । समायात—आया हुआ । प्रेषित—भेजा हुआ । कंपमान—कांपता हुआ । आकुल—व्याकुल । अवध्य—वध न करने योग्य । आलोचित—देखा हुआ । रक्त—लाल । संजात—हो गया, हुआ-हुआ । निर्मल—साफ़ । आगंतव्य—आने योग्य, आना । चलित—चला हुआ । निःसारित—हटाया हुआ । चूर्णित—चूरण किया हुआ । अनुष्ठित—किया हुआ । उद्यत—तैयार, ऊँचा किया हुआ । युक्त—योग्य ।

इतर शब्द

कदाचित्—किसी समय । क्व—कहां । वारान्तरं—दूसरे दिन । सन्निधौ—पास । अन्यथा—दूसरे प्रकार । अज्ञानतः—अज्ञान से । नातिदूरम्—पास । प्रत्यहं—हर दिन । कुतः—कहां से । भवदन्तिके—आपके पास । यथार्थ—सत्य । ज्ञानतः—ज्ञान से ।

क्रिया

दर्शितवान्—दिखाया । उच्यताम्—कहिये, कहो, यामः—जाते हैं । कुर्मः—करते हैं । प्रतिज्ञाय—प्रतिज्ञा करके । आरुह्य—चढ़कर । आह्वयामि—बुलाता हूं । प्रणम्य—नमस्कार करके । गच्छ—जा । क्षम्यताम्—क्षमा कीजिये । विधास्यते—करेगा । [illegible]—[illegible] होता है । विधीयतां—कृपा करो ।

वाक्य

संस्कृत	भाषा
(१) [illegible] ।	(१) राजा मुनि की पूजा करता है ।
(२) [illegible] ।	(२) [illegible] करते हैं ।

[illegible]

(३) पर्वतस्य शिखरे मृगाश्च[2]रन्ति ।

(४) उद्याने बालाश्च[3]रन्ति ।

(५) मार्गे रथाश्च[4]रन्ति ।

(६) ततो नरपतिरति[5]दूरंगत्वा वनं दर्शितवान् ।

(७) अनंतरं रामस्वरूपोऽ[6]चिंतयत् ।

(८) शृणुत, मयाद्यै[7]ष[8] लेखोले[9]खनीयः ।

(९) तथाऽ[10]नुष्ठितेऽ[11]श्वपति[12]र्नल[13]मुवाच ।

(१०) शृणु, एते ग्रामरक्षका[14]स्त्वया हताः । एत[15]त्त्वया नै[16]व साधु कृतम् ।

(६) व्यपदेशे अपि सिद्धिः स्यात् ।

(१) कदाचित् वर्षासु अपि वृष्टेः

(३) पर्वत के शिखर पर [illegible] घूमते हैं ।

(४) बाग़ में लड़के घूमते हैं ।

(५) मार्ग में रथ घूमते हैं ।

(६) पश्चात् राजा ने बहुत दूर जाकर वन दिखाया ।

(७) बाद में रामस्वरूप सोचने लगा ।

(८) सुनिये, मैंने आज यह लेख लिखना है ।

(९) वैसा करने पर अश्वपति नल को बोला ।

(१०) सुनो, ये ग्राम के रक्षक तूने मारे हैं । यह तूने नहीं अच्छा किया ।

(६) नाम में भी सिद्धि होगी ।

(१) किसी समय बरसात में भी

२ मृगाः + चरन्ति । ३ बालाः + चरन्ति । ४ रथाः + चरन्ति । ५ नरपतिः + अति । ६ रामस्वरूपः + अचिन्तयत् । ७ मया + अद्य । ८ अद्य + एषः । ९ [illegible] । १० तथा + अनुष्ठिते । ११ अनुष्ठिते + अश्वपतिः । १२ [illegible] । १३ नलं + उवाच । १४ रक्षकाः + त्वया । १५ एतत् + त्वया । १६ न + एव ।

अभावात् तृषार्तो गजयूथो यूथपतिं प्राह। "नाथ, कोऽस्त्युपायोऽस्माकं[1] जीवनाय।"

वृष्टि न होने के कारण प्यास से दुखित हाथियों के समूह ने समुदाय के राजा से कहा—"हे स्वामिन्! कौन-सा उपाय है हमारे जीने के लिये।

(२) अस्ति अत्र क्षुद्र जन्तूनां निमज्जन-स्थानम्[2]। वयं तु निमज्जनाभावाद् अंधा एव सञ्जाताः।

(२) यहां छोटे प्राणियों के लिये स्नान का स्थान है। हम तो स्नान न होने से अन्धे के समान हो गये हैं।

(३) क्व यामः? किं कुर्मः।" ततो हस्तिराजो नातिदूरं गत्वा निर्मलं ह्रदं दर्शितवान्।

(३) कहां जाएं, क्या करें।" पश्चात् हाथियों के राजा ने समीप ही जाकर एक स्वच्छ तालाब दिखलाया।

(४) ततो दिनेषु गच्छत्सु तत्तीरावस्थिताः[3] क्षुद्रशशकाः[4] गजपादाहतिभिः चूर्णिताः।

(४) कुछ दिन व्यतीत होने पर उस किनारे पर रहने वाले छोटे खरगोश हाथियों के पांवों के आघात से चूर्ण हुए।

(५) अनन्तरं शिलीमुखो नाम शशकः चिन्तयामास। अनेन गजयूथेन पिपासाकुलितेन[5] प्रत्यहं[6] अत्र आगन्तव्यम्।

(५) बाद में शिलीमुख नामक एक खरगोश सोचने लगा। इस प्यास से व्याकुल हाथियों के समूह से तो प्रति दिन यहां आना है।

(६) अतो विनश्यति अस्मत्कुलम्। ततो विजयो नाम वृद्धशशको [illegible]।

(६) [illegible]

(७) "मा विषीदत। मया अत्र [illegible]

(७) "दुःख न कीजिये, [illegible]

[illegible]

प्रतीकार: कर्तव्यः ।" ततोऽसौ[७] प्रतिज्ञाय चलितः ।

प्रतिबन्ध करना है" पश्चात् वह प्रतिज्ञा करके चला ।

(८) गच्छता च तेन आलोचितम् । कथं मया गजयूथस्य समीपे स्थित्वा वक्तव्यम् । यतः गजः स्पृशन् अपि हन्ति । अतो अहम् पर्वत शिखरं आरुह्य यूथनाथं संवादयामि ।

(८) जाते हुए उसने सोचा। किस प्रकार मैंने हाथियों के समूह के पास रहकर बोलना है, क्योंकि हाथी स्पर्श करने से ही मारता है। इस कारण मैं पहाड़ की चोटी पर चढ़कर हाथियों के समुदाय के स्वामी के साथ बात-चीत करता हूँ ।

(९) तथा अनुष्ठिते यूथनाथः उवाच । "कः त्वम् । कुतः समायातः ।" स ब्रूते—"शशकोऽहम्[८] । भगवता चन्द्रेण भवदन्तिकं प्रेषितः ।"

(९) वैसा करने पर समूह का स्वामी बोला । "तू कौन है । कहाँ से आया है ।" वह बोलता है । "मैं खरगोश (हूँ) । भगवान् चन्द्र ने आपके पास भेजा है ।"

(१०) यूथपतिः आह—"कार्यं उच्यताम् । विजयो ब्रूते—"उद्यतेषु अपि शस्त्रेषु दूतोऽन्यथा[९] न वदति । सदा एव अवध्यभावेन यथार्थस्य एव वाचकः ।

(१०) समुदाय के राजा ने कहा—"काम कहिए ।" विजय बोलता है—"शस्त्र खड़े होने पर भी दूत असत्य नहीं बोलता, हमेशा ही अवध्य होने के कारण सत्य का ही बोलने वाला (होता है) ।

(११) तद् अहं तवाज्ञया ब्रवीमि । शृणु, यद् एते चन्द्रसरो-रक्षकाः शशाः त्वया निःसारिताः तत् न युक्तं कृतम् ।

(११) तो मैं तेरी आज्ञा से बोलता हूँ । सुन, जो ये चन्द्र के तालाब के रक्षक खरगोश तूने हटाये (मारे) वह नहीं ठीक किया ।

(१२) यतः ते चिरं अस्माकं

(१२) क्योंकि वे बहुत समय से

७ ततः+असौ । ८ शशकः+अहम् । ९ दूतः+अन्यथा ।

(६) चन्द्रसरोरक्षकाः—चन्द्रस्य सरः चन्द्रसरः । चन्द्रसरः रक्षकाः चन्द्रसरोरक्षकाः ।

(७) अज्ञानं—न ज्ञानं अज्ञानम् ।

(८) वारान्तरं—अन्यः वारः वारान्तरम् ।

(९) ग्रामान्तरं—अन्यः ग्रामः ग्रामान्तरम् ।

(१०) देशान्तरं—अन्यः देशः देशान्तरम् ।

पाठ दसवां

इन्नन्तः पुंल्लिंगो 'करिन्' शब्द

(१)	करी	करिणौ	करिणः
सं	(हे) करिन्	(हे) ,,	(हे) ,,
(२)	करिणम्	,,	,,
(३)	करिणा	करिभ्याम्	करिभिः
(४)	करिणे	,,	करिभ्यः
(५)	करिणः	,,	,,
(७)	,,	करिणोः	करिणाम्
(७)	करिणि	,,	करिषु

इस प्रकार हस्तिन् (हाथी), दण्डिन् (दण्डी), शृङ्गिन् (सींग वाला), चक्रिन् (चक्रवाला), स्रग्विन् (मालाधारी) इत्यादि शब्द चलते हैं। पाठकों को चाहिये कि वे इन शब्दों को चलाकर अपना अभ्यास दृढ़ करें।

वस्वन्त पुंल्लिंगो 'विद्वस्' शब्द

१	विद्वान्	विद्वांसौ	विद्वांसः
सं	(हे) विद्वन्	(हे) विद्वांसौ	(हे) विद्वांसः

२	विद्वांसम्	विद्वांसौ	विदुषः
३	विदुषा	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भिः
४	विदुषे	"	विद्वद्भ्यः
५	विदुषः	"	"
६	"	विदुषोः	विदुषाम्
७	विदुषि	"	विद्वत्सु

इस शब्द के समान 'तस्थिवस् (खड़ा), सेदिवस् (बैठा हुआ), शुश्रुवस् (सुनता हुआ), दाश्वस् (दाता), मीढ्वस् (सिंचक), जगन्वस् (संचारक) इत्यादि वस्वंत शब्द चलते हैं। जिनके अन्त में प्रत्यय होता है। उनको वस्वंत शब्द कहते हैं।

संस्कृत में एक शब्द के समान ही कई शब्दों के रूप हुआ करते हैं। जब पाठक एक शब्द को स्मरण करेंगे तब उनमें उसके समान शब्द के रूप बनाने की शक्ति आ जायगी। इसी प्रकार कई एक पुल्लिंगी शब्दों के रूप बनाने में पाठक इस समय तक योग्य हो गये हैं। अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त, ऋकारान्त, [illegible], [illegible], सकारान्त, नान्त इतने पुल्लिंगी शब्द पाठकों को स्मरण हो चुके हैं और इनके समान शब्दों के रूप अब पाठक बना भी सकते हैं। पुल्लिंगी शब्दों में मुख्य-मुख्य अब दो-चार शब्द रहे हैं। तत्पश्चात् कुछ सर्वनाम के रूप बताकर नपुंसकलिंगी शब्दों के रूप दिखलाये हैं। इसलिए पाठकों से सविनय निवेदन है कि वे [illegible] [illegible] न करते हुए हर एक पाठ को [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] कि न तो [illegible] [illegible] है, और न [illegible] [illegible] कर सकता है।

[illegible] [illegible] में जो पढ़ाई का क्रम लिया है, [illegible] [illegible] है, जो [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] हो जायेंगी, [illegible] [illegible] [illegible]

परन्तु पाठकों के पुरुषार्थ की भी आवश्यकता है, उसके बिना कार्य नहीं चलेगा। अस्तु, अब कुछ व्याकरण के नियम देते हैं:—

विसर्ग

(१६) नियम—क, ख, प, फ के पूर्व जो विसर्ग आता है वह जैसा का तैसा ही रहता है। जैसे—दुष्टः पुरुषः। कृष्णः कंसः। गतः खगः। मधुरः फलागमः।

(१७) नियम—पदान्त के विसर्ग का च, छ के पूर्व श् बनता है। जैसे—

पूर्णः+चन्द्रः—पूर्णश्चन्द्रः

हरेः+छत्रम्—हरेश्छत्रम्

रामः+तत्र—रामस्तत्र

कवेः+टीका—कवेष्टीका

(१८) नियम—पदान्त के विसर्ग के सम्मुख श, ष, स, आने से विसर्ग का श, ष, स, बनता है, परन्तु किसी समय विसर्ग ही कायम रहता है। जैसे—

धनंजयः+सर्वः=धनंजयस्सर्वः (अथवा) धनंजयः सर्वः

देवाः+षट्=देवाष्षट् " देवाः षट्

श्वेतः+शंखः=श्वेतश्शंखः " श्वेतः शंखः

ये नियम अच्छी प्रकार ध्यान में आने के पश्चात् निम्नलिखित शब्दों को स्मरण कीजिये:—

शब्द-क्रियापद

निश्चिक्युः—निश्चय किया (उन्होंने)। त्रुट्यन्ति—टूटते हैं (वे)। चक्रुः—किया (उन्होंने)। कुर्यात्—करें। चर्वामः—चबाया करें। [illegible]—दुखी हो गये, (वे) भूल गये। संगृह्णीमः—

संग्रह करते हैं (हम)। रचयामास—रचा (वह)। क्लिश्नीमः—दुःखित होते हैं (हम)। श्रमित्वा—थककर। उन्मीलित—खुले। विदध्मः—(हम) करते हैं। श्राम्यामः—थकते हैं। अकृत्वा—न करके। अमंत्रयत—विचार किया। संप्रधार्य—रखकर।

शब्द—पुल्लिंगी

दण्डिन्—संन्यासी, दण्डधारी। शृङ्गिन्—सींग जिसके हैं। चक्रिन्—चक्रधारी। स्रग्विन्—मालाधारी। अवयव—शरीर का हिस्सा। अमात्यः—दीवान साहब। तस्करः—चोर। ग्रासः—कौर, टुकड़ा। दन्तः—दांत। भंगः—टूटना। अतिक्रमः—उल्लंघन। संकोचः—लज्जा। व्ययः—खर्च। करिन्—हाथी। हस्तिन्—हाथी। बलिः—देव-भेंट। भागधेयः—राजा का कर। आयासः—परिश्रम। आत्मन्—अपना, आत्मा। कृमिः—कीड़ा। उपद्रवः—कष्ट। अनुरोधः—आग्रह। आवासः—निवासस्थान। प्रमादः—अन्याय।

स्त्रीलिंगी

मर्यादा—हद। राजधानी—राजा का नगर। अंगुलिः—अंगुली। नगरी—शहर।

नपुंसकलिंगी

[illegible]

[illegible]

[illegible]

वाक्य

(१) वानरा[१] वृक्षे तिष्ठन्ति ।

(१) बन्दर वृक्ष पर ठहरते हैं।

(२) सर्पो वनमगच्छत्[२] ।

(२) सांप बन को गया।

(३) मम शरीरं ज्वरेण कृशं जातम् ।

(३) मेरा शरीर ज्वर से कमजोर हुआ है ।

(४) कुमारस्य एकः शुचिः करो ऽस्ति[३] तथा अन्यो न[४] ।

(४) लड़के का एक हाथ शुद्ध है तथा दूसरा नहीं ।

(५) मया ह तौ कुमारौ नगरं गच्छतः ।

(५) मेरे साथ कुमार शहर जाते हैं ।

(६) अहं तत्र यामि यत्र पंडिता[५] वसन्ति ।

(६) मैं वहाँ जाता हूँ जहाँ पंडित लोग रहते हैं ।

(७) यस्य बुद्धिर्बलमपि[६] तस्यैव ।

(७) जिसकी बुद्धि (होती है) शक्ति भी उसी की है ।

(८) खगा[७] वृक्षादुड्डीयन्ते[८] ।

(८) पक्षी वृक्ष से उड़ते हैं ।

(९) तस्य हस्तान्माला[९] पतिता ।

(९) उसके हाथ से माला गिरी ।

(१०) तत्र नैव गमिष्यामि ।

(१०) वहाँ नहीं जाऊँगा ।

१ वानराः+वृक्षे । २ सर्पः+अगच्छत् । ३ करः+अस्ति । ४ अन्यः+न । ५ पण्डिताः+वसन्ति । ६ बुद्धिः+बल । ७ खगाः+वृक्षात् । ८ वृक्षात्+उड्डीयन्ते । ९ हस्तात्+माला ।

छूते ग्रासं[७] चर्वामः भंगः उपैतु अस्मान् । — तो टूट आ जाय हम पर।

(७) एवं शपथेषु कृतेषु यो निश्चयः कृतस्तस्य[८] पालनं आवश्यकं बभूव ।

(७) इस प्रकार शपथें कर चुकने पर जो निश्चय किया गया उसका पालन आवश्यक हो गय ।

(८) एवं जाते सर्वे अवयवा अशुष्यन् । *अस्थि चर्म-मात्रं अवशिष्यत् ।

(८) इस प्रकार होने पर, सब अवयव सूख गये । हड्डी-चमड़ी भर शेष रह गई ।

(९) तदा "न साधु कृतं अस्माभिः" इति सर्वेषां चक्षूंषी उन्मीलिते,—"उदरेण विना वयं अगतिकाः ।"

(९) तब, "ठीक नहीं किया हमने," सो सबकी आँखें खुल गई—"पेट के बिना हमारी गति नहीं है ।"

(१०) तत् स्वयं न श्राम्यति । परं यावद् वयं तस्य पोषं विदध्मः तावद् अस्माकं पोषणं भवति इति सर्वे सम्यग् जज्ञिरे ।

(१०) वह (पेट) स्वयं तो नहीं श्रम करता, परन्तु जब तक हम उसका पोषण करते हैं, तब तक (ही) हमारा पोषण होता है, ऐसा सबने ठीक प्रकार जान लिया ।

(११) तात्पर्यम्—कस्मिंश्चित् काले एकस्यां राजधान्यां चिर-युद्ध प्रसंगात् राज्ञः कोशागारे धनसं-कोचमुपगते स राजा प्रजाभ्यो बलिं जग्राह ।

(११) तात्पर्य—किसी समय एक राजधानी में हमेशा युद्ध होने के कारण राजा के खजाने में (पैसा) कम होने पर उस (शहर के) राजा ने प्रजाओं से 'कर' लिया ।

(१२) तत् प्रजा नाभिमेनिरे ।

(१२) यह प्रजा (जनों) ने नहीं

---

*अस्थि × अंगः । = [illegible] × मांस ।

ता 'उपद्रवऽयम्' इति गणयित्वा नगराद् बहिः आवासं रचयामासुः ।

माना । वे 'कष्ट (है)' यह ऐसा मानकर, शहर के बाहर घर बनाने लगे ।

(१३) तत्र वर्तमानाभिः ताभिः संहतिः कृता । ता मिथो ग्रमंत्रयन । वयं क्लिश्नीमः । राजा तु अस्मत् [illegible] मुधा गृह्णाति ?

(१३) वहाँ रहते हुए उन्होंने एकता की । वे परस्पर सलाह करने लगे—हम क्लेश पाते हैं, राजा हम से किस लिये व्यर्थ (कर) लेता है ।

(१४) अतः परं न वयं राज्ञे किंचिदपि [illegible] । इति सर्वा निश्[illegible] : ।

(१४) इसके बाद हम राजा को कुछ भी नहीं देंगे । सब ने ऐसा निश्चय किया ।

(१५) तासां एवं निर्णयं संप्रधार्य [10] [illegible] तान् प्रति प्रेषयामास ।

(१५) उनका यह निर्णय देखकर, राजा ने अपना मन्त्री उनके पास भेजा ।

(१६) सोऽमात्यः प्रजाभ्यः [11] '[illegible] कथां' निवेद्य तासां [illegible] [12] प्राप । राजा प्रजाश्च [illegible] ।

(१६) उस मन्त्री ने प्रजाओं को [illegible] सुनाकर उनकी अनुकूलता प्राप्त कर ली । राजा तथा प्रजा [illegible] लगे ।

(१७) [illegible] [13] [illegible]

(१७) [illegible]

[illegible]

वद्धपरिकरा दिवाऽपि लुण्ठनं विधास्यन्ति ।

(१८) एकोऽन्यं[१४] न अनुरोत्स्यते[१५] । मर्यादातिक्रमः प्रमाथाश्च उद्भविष्यन्ति । राजा प्रजाश्च समं एव न शिष्यन्ति ।

कमर कसकर दिन में भी लूट किया करेंगे ।

(१८) एक दूसरे को नहीं येगा । मर्यादा का उल्लंघन अन्याय होंगे । राजा एवं प्रजा, समान, न बच रहेगी ।

समास-विवरणम्

१ हस्तपादाद्यवयवाः—हस्तश्च पादश्च हस्तपादौ । हस्तप
आदि येषां ते हस्तपादादयः ।
हस्तपादादय अवयवाः ।

२ आनुकूल्यम्—अनुकूलस्य भावः = आनुकूल्यम् ।

३ वद्धपरिकराः—वद्धाः परिकरा यैः ते = वद्धपरिकराः ।

४ मर्यादातिक्रमः—मर्यादाया अतिक्रमः = मर्यादातिक्रमः ।

५. सशपथम्—शपथेन सह, सशपथम् ।

पाठ ग्यारहवां

तकारान्त पुंलिंगी 'धीमत्' शब्द

१	धीमान्	धीमन्तौ	धीमन्तः
सं०	(हे) धीमन्	(हे) ,,	(हे) ,,
२	धीमन्तम्	,,	धीमतः

३	धीमता	धीमद्भ्याम्	धीमद्भिः
४	धीमते	,,	धीमद्भ्यः
५	धीमतः	,,	,,
६	,,	धीमतोः	धीमताम्
७	धीमति	,,	धीमत्सु

'धीमत्' शब्द 'मत्' प्रत्यय वाला है। 'मत्' प्रत्यय वाले तथा 'वत्,' 'यत्' प्रत्यय वाले शब्द इसी प्रकार चलते हैं।

मत् प्रत्यय वाले शब्द—धीमत्, बुद्धिमत्, आयुष्मत् इत्यादि।

वत् प्रत्यय वाले शब्द—भगवत्, मघवत्, भवत्, यावत्, तावत्, एतावत् इत्यादि।

यत् प्रत्यय वाले शब्द—कियत्, इयत्, इत्यादि

तकारान्त पुल्लिंगी 'महत्' शब्द

१	महान्	महान्तौ	महान्तः
सं०	(हे) महन्	(हे) ,,	(हे) ,,
२	महान्तम्	,,	महतः
३	महता	महद्भ्याम्	महद्भिः
४	महते	,,	महद्भ्यः
५	महतः	,,	,,
६	महतः	महतोः	महताम्
७	महति	,,	महत्सु

पूर्वोक्त धीमत् और महत् शब्द में भेद यह है कि, धीमत् शब्द में (प्रथमा का एकवचन छोड़कर) [illegible], [illegible] और [illegible] के [illegible] में [illegible] नहीं होता है, परन्तु महत् शब्द में [illegible] है। [illegible]—

(१)	धीमान्	धीमन्तौ	धीमन्तः—[illegible]
(२)	महान्	महान्तौ	महान्तः—[illegible]

इसी प्रकार अन्यान्य शब्द विशेष पाठकों को जानने चाहियें।

—सन्धि—

नियम (१९)—'सः' शब्द के अन्त का विसर्ग, अ के सिवाय कोई अन्य वर्ण सम्मुख आने पर, लुप्त हो जाता है—

सः+आगतः—स आगतः । सः+गच्छति—स गच्छति । सः+श्रेष्ठ—स श्रेष्ठः ।

'सः' के सामने अ आने से दोनों का 'सोऽ' बनता है।

(देखो नियम ११) जैसे—

सः+अगच्छत्—सोऽगच्छत् । सः+अवदत्—सोऽवदत् । सः+अस्ति—सोऽस्ति ।

नियम (२०)—जिसके पूर्व अकार है ऐसे पदान्त के विसर्ग के पश्चात् मृदु व्यञ्जन आने से, उस अकार और विसर्ग का 'ओ' बन जाता है। जैसे—

मनुष्यः+गच्छति—मनुष्यो गच्छति । अश्वः+मृतः=अश्वो मृतः । पुत्रः+लब्धः—पुत्रो लब्धः । अर्थः+गतः—अर्थो गतः ।

नियम (२१)—जिसके पूर्व आकार है ऐसे पदान्त का विसर्ग, उसके सम्मुख स्वर अथवा मृदु व्यञ्जन आने से, लुप्त हो जाता है जैसा—

मनुष्याः+अवदन्=मनुष्या अवदन् । असुराः+गताः=असुरा गताः । देवाः+आगताः=देवा आगताः । वृक्षाः+नष्टाः=वृक्षा नष्टाः

नियम (२२)—अ आ को छोड़कर अन्य स्वरों के बाद आने वाले विसर्ग का र बनता है, अगर उनके सम्मुख स्वर अथवा मृदु व्यञ्जन आया हो। जैसा—

हरिः+अस्ति=हरिरस्ति । भानुः+उदेति=भानुरुदेति ।

कवेः+आलेख्यम्=कवेरालेख्यम् ।

ऋषिपुत्रैः+आलोचितम्—ऋषिपुत्रैरालोचितम् ।

देवैः+दत्तम्—देवैर्दत्तम् । हरेः+मुखम्—हरेर्मुखम् ।

हस्तैः+यच्छति=हस्तैर्यच्छति ।

विसर्ग के पूर्व अ अथवा आ आने पर नियम १८ तथा २० के अनुसार सन्धि होगी ।

नियम—(२३) र् के सामने र् आने से प्रथम र् का लोप होता है, और लुप्त रकार का पूर्व स्वर दीर्घ हो जाता है । जैसे—

ऋषिभिः+रचितम्=ऋषिभी रचितम् । भानु+राजते=भानू राजते । शस्त्रैः+रक्षितम्=शस्त्रै रक्षितम् । हरेः+रक्षकः=हरे रक्षकः ।

पाठकों को चाहिए कि वे इन सन्धि-नियमों को बारम्बार पढ़कर ठीक-ठीक समझ लें । प्राचीन पुस्तकें पढ़ने के लिये संधि-नियमों के परिज्ञान के बिना काम नहीं चल सकता । तथा नियमानुसार अच्छा संस्कृत बोलने के लिये स्थान-स्थान पर संधि करने की आवश्यकता होती है ।

शब्द—पुल्लिङ्ग

[illegible]

चलने वाला । वधः—हनन । वंशः—कुल । मूर्ध्नि—शिर में। यत्नः—प्रयत्न । महापंकः—बड़ा कीचड़ ।

स्त्रीलिंगी

प्रवृत्तिः—प्रयत्न, पुरुषार्थ । यौवन (दशा)—जवानी (की अवस्था) ।

नपुंसकलिंगी

भाग्य—सुदैव । कंकण—चूड़ी । शील—स्वभाव । सरः—तालाब । तीर—किनारा । अर्जन—कमाना । ललाट—सिर। वचः—भाषण ।

विशेषण

समीहित—युक्त, इष्ट । अनिष्ट—जो इष्ट नहीं । भद्र—कल्याण । वंशहीन—कुलहीन । अधीत—अध्ययन किया । आलोचित—देखा हुआ । विधेय—करने योग्य । मारात्मक—हिंसा-प्रवृत्ति वाला । गलित—गला हुआ । हस्तस्थ—हाथ में रक्खा हुआ । प्रतीत—विश्वस्त । धृत—धरा हुआ । आदिष्ट—आज्ञप्त । निमग्न—डूबा हुआ । दुर्गत—बुरी अवस्था में फँसा हुआ । अक्षम—असमर्थ । दुर्वृत्त—दुराचारी । दुर्निवार—दूर करने के लिये कठिन । सयत्न—प्रयत्नशील ।

अन्य

अविचारितं—विचार न करके । तुभ्यम्—तुमको । अहह—अरे ! रे !!! । प्राक्—पहिले । प्रकाशम्—बाहर ।

क्रिया

प्रसार्य—फैलाकर । उपगम्य—पास जाकर । गृह्यताम्—

दीजिये। संभवति—संभव है (होता है)। निरूपयामि—देखता हूँ। अपश्यम्—देखा। पलायितुम्—दौड़ने के लिये। प्रोज्झितुं—मिटाने के लिये। आसम्—(मैं) था। चरतु—करे, चले। उत्थापयामि—उठाता हूँ।

(८) विप्र-व्याघ्रयोः कथा

(१) अहमेकदा दक्षिणारण्ये चरन् अपश्यम्—एको वृद्ध व्याघ्रः स्नातः कुशहस्तः सरस्तीरे ब्रूते।

(२) भो भो पान्थाः! इदं सुवर्णकंकणं गृह्यताम्। ततो लोभाकृष्टेन केनचित् पान्थेनालोचितम्।

(३) भाग्येनैतत् संभवति। किन्तु अस्मिन् आत्मसन्देहे प्रवृत्तिर्न विधेया।

(४) यतो [illegible] [illegible] ।

(५) किन्तु सर्वत्र अर्थार्जने प्रवृत्तिः [illegible] । [illegible]

(८) ब्राह्मण और शेर की कथा

(१) मैंने एक समय दक्षिण अरण्य में घूमते हुए देखा—एक बूढ़ा शेर स्नान करके दर्भ हाथ में धरकर तालाब के तीर पर कह रहा है।

(२) हे पथिको! यह सोने की चूड़ी ले लो। इसके बाद लोभ से खिंचे हुए किसी पथिक ने सोचा—

(३) भाग्य से यह संभव होता है। परन्तु इस आत्मा के संशय (खतरे वाले काम) में प्रवृत्त नहीं होना चाहिये।

(४) क्योंकि [illegible] होने पर भी [illegible] नहीं होता है।

(५) [illegible] है।

[illegible]

अनारुह्य नरो भद्राणि न पश्यति ।

(६) तत् निरूपयामि तावत् । प्रकाशं ब्रूते "कुत्र तव कंकणम्" व्याघ्रो हस्तं प्रसार्य दर्शयति ।

(७) पान्थोऽवदत् कथं—मारा-[९]त्मके त्वयि विश्वासः । [१०] व्याघ्र उवाच—"शृणु रे पान्थ । प्राग् एव यौवनदशायां अति दुर्वृत्त आसम् ।

(८) अनेक 'गोमानुषाणां [११] वधान्मृता मे पुत्राः दाराश्च । [१२] वंशहीनश्च अहम् ।

(९) तत् केनचिद् [१३] धार्मिकेणाहम् आदिष्टः—दानधर्मादिकं चरतु भवान् ।

(१०) [१४] तदुपदेशादिदानीम् अहं स्नानशीलो दाता वृद्धो गलितनखदन्तो कथं न विश्वासभूमिः ।

(११) मम च एतावान् लोभ

कहा भी है—संशय के ऊपर चढ़े बिना मनुष्य कल्याण को नहीं देखता।

(६) इसलिये देखता हूँ। बाहर (खुले आवाज़ में) बोलता है-"कहाँ (है) ? तेरी चूड़ी ?" शेर हाथ खोल-कर बताता है ।

(७) पथिक बोला—किस प्रकार हिंसारूप तेरे में विश्वास (हो) ? शेर बोला—"सुन रे पथिक ! पहिले ही जवानी में (मैं) बहुत दुराचारी था।

(८) बहुत गौवों, मनुष्यों के वध से मेरे पुत्र मर गये और स्त्रियां; और वंशरहित मैं (हुआ)।

(९) तब किसी धार्मिक ने मुझे कहा—दान धर्मादिक कीजिए आप ।

(१०) उसके उपदेश से अब मैं स्नानशील, दाता, बुड्ढा, जिसके नाखून और दांत गल गये हैं, क्योंकर विश्वास-योग्य नहीं हूँ।

(११) और मेरा इतना लोभ मैं

विरक्तो[15] येन स्वहस्तस्थम् अपि सुवर्ण-कंकणं यस्मै-कस्मै-चिद् दातुं इच्छामि ।

(१२) तथापि व्याघ्रो मानुषं खादति इति लोकापवादो दुर्निवारः । यतो लोकः गतानुगतिकः मया च धर्मशास्त्राणि अधीतानि ।

(१३) त्वं च अतीव दुर्गतस्तेन[16] तुभ्यं दातुं[17] सयत्नोऽहम्[18] । तदत्र सरसि स्नात्वा सुवर्णकंकणं गृहाण ।

(१४) ततो यावद् असौ तद्वचः प्रतीतो लोभात् सरः स्नातुं प्रविशति, तावत् महापंके निमग्नः पला-यितुम् अक्षमः ।

(१५) पंके पतितं दृष्ट्वा व्याघ्रो-ऽवदत् । अहह ! महापंके पति-तोऽसि अतः त्वाम् अहम् उत्थापयामि ।

(१६) इति उक्त्वा शनैः शनैः उपगम्य, तेन व्याघ्रेण धृतः स पान्थो-ऽचिन्तयत् ।

छुटकारा है कि अपने हाथ में पड़ा भी सोने का कंकण जिस-किसी को देना चाहता हूँ ।

(१२) तथापि शेर मनुष्य को खाता है, लोगों में ऐसी निंदा है, वह दूर होनी कठिन है क्योंकि लोग अंधविश्वासी हैं, और मैंने धर्म-शास्त्र पढ़े हैं ।"

(१३) और तू बहुत बुरी हालत में है इसलिए तुझे देने के लिए मैं प्रयत्नवान् हूँ । तो इस तालाब में स्नान करके सोने की चूड़ी ले लो ।

(१४) बाद, जब उसके भाषण पर विश्वास कर लोभ से तालाब में स्नान के लिए प्रविष्ट हुआ, तब बड़े कीचड़ में फंसा, और भागने के लिए असमर्थ रहा ।

(१५) कीचड़ में फंसा हुआ (उसे) देखकर शेर बोला,—अहो ! बड़े कीचड़ में फंस गए हो, इसलिए तुमको मैं उठाता हूँ ।

(१६) यह कहकर धीरे-धीरे समीप जाकर, उस शेर से पकड़ा हुआ वह पथिक सोचने लगा—

[illegible]

(१७) तन् मया भद्रं न कृतं यद् अत्र मारात्मके विश्वासः कृतः। स्वभावो हि सर्वान् गुणान् अतीत्य मूर्ध्नि वर्तते।

(१८) अन्यच्च—ललाटे लिखितं प्रोञ्छितुं कः समर्थः इति चिंतयन् एव असौ व्याघ्रेण व्यापादितः खादितः च।

(१९) अतः अहं ब्रवीमि सर्वथाऽविचारितं कर्म न कर्तव्यम् इति।

(हितोपदेशः)

(१७) सो मैंने अच्छा नहीं किया जो इस हिंसा-रूप में (मैंने) विश्वास किया। स्वभाव ही सब गुणों को अतिक्रमण करके सिर पर होता है।

(१८) और भी है—माथे पर लिखा हुआ दूर करने के लिए कौन समर्थ है? ऐसा सोचता हुआ ही उसे शेर ने मार डाला और खा लिया।

(१९) इसलिए मैं कहता हूँ—सब प्रकार से न सोचा हुआ कार्य नहीं करना चाहिए।

(हितोपदेश)

समास-विवरणम्

१ कुशहस्तः—कुशाः हस्ते यस्य सः कुशहस्तः।

२ लोभाकृष्टः—लोभेन आकृष्टः लोभाकृष्टः।

३ आत्मसंदेहः—आत्मनः संदेहः आत्मसंदेहः।

४ अनेकगोमानुषाणां—गावश्च मानुषाश्च गोमानुषाः; अनेके गोमानुषाः=अनेकगोमानुषाः।

५ दानधर्मादिकम्—दानं च धर्मश्च दानधर्मौ। दानधर्मौ आदि यस्य तत् दानधर्मादि=दानधर्मादिकम्।

६ अविचारितम्—न विचारितम्=अविचारितम्।

पाठ बारहवाँ

ऋकारान्त पुल्लिंगी 'पितृ' शब्द

(१)	पिता	पितरौ	पितरः
सं० (हे)	पितः	(हे) ,,	(हे) ,,
(२)	पितरम्	,,	पितॄन्
(३)	पित्रा	पितृभ्याम्	पितृभिः
(४)	पित्रे	,,	पितृभ्यः
(५)	पितुः	,,	,,
(६)	,,	पित्रोः	पितॄणाम्
(७)	पितरि	,,	पितृषु

चतुर्थ पाठ में 'धातृ' शब्द दिया है। उसमें और इस 'पितृ' शब्द में प्रथमा, संबोधन और द्वितीया के रूपों में कुछ भेद है। देखिये—

धातृ—धाता धातारौ धातारः

पितृ—पिता पितरौ पितरः

जैसा धातृ शब्द के रकार के पूर्व आ है वैसा पितृ शब्द के रकार के पूर्व नहीं हुआ। यह विशेष भ्रातृ, जामातृ, देवृ, शस्तृ [illegible]—इन शब्दों में भी पाया जाता है।

[illegible] पुल्लिंगी 'पथिन्' शब्द

१	पन्थाः	पन्थानौ	पन्थानः
सं० (हे)	,,	(हे) ,,	(हे) ,,
२	पन्थानम्	,,	पथः
३	पथा	पथिभ्याम्	पथिभिः
४	पथे	,,	पथिभ्यः
५	पथः	,,	,,

६	पथः	पथोः	पथाम्
७	पथि	,,	पथिषु

इस प्रकार मथिन्, ऋभुक्षिन्, आदि शब्द चलते हैं।

इकारान्त पुल्लिंगी 'सखि' शब्द

१	सखा	सखायौ	सखायः
सं०	(हे) सखे	(हे) ,,	(हे) ,,
२	सखायम्	,,	सखीन्
३	सख्या	सखिभ्याम्	सखिभिः
४	सख्ये	,,	सखिभ्यः
५	सख्युः	,,	,,
६	,,	सख्योः	सखीनाम्
७	सख्यौ	,,	सखिषु

'सखि' इकारान्त होने पर भी 'हरि' शब्द के समान रूप नहीं हैं। यह बात पाठकों को ध्यान में रखनी चाहिये। इस प्रकार पति आदि शब्द हैं जो विशेष प्रकार से चलते हैं। जिनका विचार हम आगे करेंगे।

(२४) नियम—विसर्ग के पूर्व अकार हो तथा उसके बाद अ के सिवाय दूसरा कोई स्वर आ जाय तो विसर्ग का लोप हो जाता है। जैसे—

रामः	+	इति	=	राम इति
देवः	+	इच्छति	=	देव इच्छति
सूर्यः	+	उदयते	=	सूर्य उदयते

(२५) नियम—शब्दान्त के 'ए, ऐ, ओ, औ,' इनके सामने कोई स्वर आने से उनके स्थान में क्रमशः 'अय्, आय्, अव् आव्' होते हैं—

ने	+	अ	=	नय
भो	+	अ	=	भव
गै	+	अ	=	गाय

६६ नियम—पदान्त के नकार के पूर्व 'अ, इ, उ, ऋ, लृ,' में से कोई एक स्वर हो और उसके पश्चात् कोई स्वर आ जाय तो, उस नकार को द्वित्व होता है । जैसे—

अस्मिन्	+	उद्याने	=	अस्मिन्नुद्याने
तस्मिन्	+	इति	=	तस्मिन्निति
आसन्	+	अत्र	=	आसन्नत्र

उक्त नकार दीर्घ स्वर के पश्चात् आ जाय तो उसको द्वित्व नहीं होता, जैसे—

तान्	+	अपि	=	तानपि
ऋषीन्	+	इच्छति	=	ऋषीनिच्छति
रवीन्	+	उपास्ते	=	रवीनुपास्ते

शब्द—पुल्लिंगी

अङ्कुरः—पौधा । प्रतिग्रहः—दान लेना । प्रभावः—सामर्थ्य । कुक्षिः—[illegible] । महानुभावः—महाशय । संविभागिन्—हिस्सेदार । [illegible]—[illegible] । [illegible]—एकीकरण । पारः—परला किनारा ।

स्त्रीलिंगी

[illegible]—[illegible] । [illegible]—[illegible] । [illegible]—[illegible] । [illegible]—[illegible] । [illegible]—[illegible] । [illegible]—[illegible] । [illegible]—[illegible] ।

नपुंसकलिंगी

[illegible]—[illegible] । [illegible]—[illegible] । [illegible]—

हड्डी । बाल्य---बालपन । कुटुम्बक---परिवार । औत्सुक्यं---उत्सुकता ।

विशेषण

हीन---न्यून । उपागत---प्राप्त । अभिहित---कहा हुआ । पराङ्मुख---पीछे मुँह किये हुए । क्रीडित---खेले हुए । लघु-चेतस---क्षुद्र बुद्धि वाला । त्रयः---तीन । मंत्रित---सोचा हुआ । स्वोपार्जित---अपनी कमाई । निषिद्ध---मना किया हुआ । ज्येष्ठ---बड़ा । ज्येष्ठतर---दोनों में बड़ा । ज्येष्ठतम्---सब से बड़ा । उदारचरित---बड़े दिल वाला । संयोजित---मिलाया हुआ ।

अन्य

धिक्---धिक्कार । क्षणं---क्षणभर । भोः---अरे ।

क्रिया

वसन्ति---रहते हैं । लभ्यते---प्राप्त होता है । संचारयति---संचार कराता है । प्रतीक्षस्व---ठहर । आरोहामि---चढ़ता हूँ । उपदिश्य---उपदेश करके । परितोष्य---संतुष्ट करके । अवतीर्य---उतरकर । क्रियते---किया जाता है । युज्यते---योग्य है । निष्पाद्यते---बनाया जाता है । उत्थाय---उठकर ।

विशेषणों का उपयोग

बुद्धिहीनः पुरुषः ।	निषिद्धो ग्रन्थः ।	ज्येष्ठो भ्राता ।
बुद्धिहीना स्त्री ।	निषिद्धा कथा ।	ज्येष्ठा भगिनी ।

(६) बुद्धिहीना विनश्यन्ति

(१) कस्मिंश्चि[1]दधिष्ठा[2]ने चत्वारो ब्राह्मणपुत्राः परं मित्रभावं उपगताः वसन्ति स्म। (२) तेषु त्रयः शास्त्रपारंगताः परन्तु बुद्धिरहिताः एकस्तु[3] बुद्धिमान् केवलं शास्त्रपराङ्मुखः।

अथ कदाचित् तैः मित्रैः मंत्रितम्। (३) को गुणो[4] विद्याया येन देशान्तरं गत्वा भूपतीन् परितोष्य अर्थोपार्जना न क्रियते। तत् पूर्वदेशं गच्छामः। तथाऽनुष्ठि[5]ते किंचित् मार्गं गत्वा ज्येष्ठतरः प्राह। अहो अस्माकं एकश्चतुर्थो[6] मूढः[7] केवलं बुद्धिमान्। (४) न च राजप्रतिग्रहो बुद्ध्या लभ्यते, विद्यां विना। तत् न अस्मै स्वोपार्जितं दास्यामः। तद् गच्छतु गृहम्। ततो[8] द्वितीयेन अभिहितम्। (५) अहो न युज्यते एवं कर्तुम् यतो (६) वयं बाल्यात्-प्रभृति एकत्र क्रीडिताः। तद् आगच्छतु, (७) महानुभावो[9]ऽस्मदुपार्जितवित्तस्य

---

(१) (परं मित्रभावं उपगताः)—बड़े मित्र बन गये। (२) (शास्त्रपराङ्मुखः)—शास्त्र न पढ़ा हुआ।

(३) (भूपतीन् परितोष्य अर्थोपार्जना न क्रियते) राजाओं को [illegible] धन प्राप्ति नहीं की जाती है। (४) (न च राजप्रति- ग्रहो बुद्ध्या लभ्यते) [illegible] [illegible]

[illegible]

संविभागी भविष्यति इति। (८) उक्तं च—अयं निजः परो वा इति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव[१०] कुटुम्बकम्, इति (९) तद् आगच्छतु एषोऽपि[११], इति। तथाऽनुष्ठिते[१२], मार्गाश्रितैरटव्याम्[१३] मृतसिंहस्य[१४] अस्थीनि दृष्टानि। (१०) ततश्च[१५] एकेन अभिहितम्—यद् अहो विद्याप्रत्ययः क्रियते। किंचिद् एतत् सत्वं मृतं तिष्ठति। तद् विद्याप्रभावेण जीवसहितं कुर्मः (११) अहम् अस्थिसंचयं करोमि। ततश्च एकेन औत्सुक्याद् अस्थिसंचयः कृतः (१२) द्वितीयेन चर्म-मांस-रुधिरं संयोजितम् तृतीयोऽपि[१६] यावद् जीवं संचारयति, तावद् सुबुद्धिना निषिद्धः। (१३) भोः! तिष्ठतु भवान्। एष सिंहो निष्पद्यते। यदि एनं सजीवं

---

(६) (वयं बाल्यात्-प्रभृति एकत्र क्रीडिताः) हम बचपन से एक स्थान पर खेले हैं। (७) (वित्तस्य संविभागी) द्रव्य का हिस्सेदार। (८) (अयं निजः परो वा इति गणना लघु चेतसाम्) यह अपना यह पराया ऐसी गिनती छोटे दिल वालों की है। (उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्) उदार बुद्धि वालों का पृथ्वी ही परिवार है। (९) (तै मार्गाश्रितैः) उनके मार्ग का आश्रय लेने पर—चलने पर। (१०) (विद्याप्रत्ययः क्रियते) विद्या का अनुभव लिया जाता है। (जीवसहितं कुर्मः) सजीव करेंगे। (११) (अस्थिसंचयं करोमि) मैं हड्डियों का एकत्र करता हूँ। (१२) (यावज्जीवं संचारयति) जब जीव डालता रहा। (१३) (तावत् सुबुद्धिना निषिद्धः) तब सुबुद्धि ने मना

१० वसुधा+एव। ११ एषः+अपि। १२ तथा+अनु०। १३ मार्ग+ १४ मृतः+सिंहस्य। १५ ततः+च। १६ तृतीयः+अपि।

करिष्यामि, ततः सर्वानपि स व्यापादयिष्यति ।' (१४) स प्राह । 'धिङ्[१७] मूर्ख ! नाहं विद्याया विफलतां करोमि ।' ततस्तेन अभिहितम्—'तर्हि प्रतीक्षस्व क्षणम् । यावद् अहं वृक्षम् आरोहामि ।'

(१५) तथानुष्ठिते, यावत् सजीवः कृतः, तावत् ते त्रयोऽपि[१८] सिंहेनो-[१९]त्थाय व्यापादिताः । (१६) स पुनः वृक्षाद् अवतीर्य गृहं गतः । अतोऽहं ब्रवीमि 'बुद्धिहीना विनश्यन्ति' इति ।

(पंचतन्त्रम्)

सूचना—इस पाठ का भाषा में भाषान्तर नहीं दिया है । पाठक स्वयं समझने का यत्न स्वयं कर सकते हैं । जो कुछ कठिन वाक्य हैं, उन्हीं का भाषान्तर दिया है

समास-विवरणम्

(१) ब्राह्मणपुत्राः—ब्राह्मणस्य पुत्राः ब्राह्मणपुत्राः ।
(२) शास्त्रपराङ्मुखः—शास्त्रात् पराङ् मुखः शास्त्रपराङ्मुखः ।
(३) अर्थोपार्जना—अर्थस्य उपार्जना अर्थोपार्जना ।
(४) अस्मदुपार्जितं—अस्माभिः उपार्जितं अस्मदुपार्जितं ।
(५) [illegible]—[illegible] ।
(६) मूर्खसिंहः—मूर्खः च असौ सिंहः च मूर्खसिंहः ।
(७) सुबुद्धिः—शोभना बुद्धिः यस्य सः सुबुद्धिः ।

[illegible] (१४) [illegible] [illegible] । (१५) [illegible] । (१६) [illegible] ।

[१७] [illegible] । [१८] [illegible] । [१९] [illegible] ।

पाठ तेरह

इकारान्त पुल्लिंगी 'पति' शब्द

१	पतिः	पती	पतयः
सं०	(हे) पते	(हे) ,,	(हे) ,,
२	पतिम्	,,	पतीन्
३	पत्या	पतिभ्याम्	पतिभिः
४	पत्ये	,,	पतिभ्यः
५	पत्युः	,,	,,
६	,,	पत्योः	पतीनाम्
७	पत्यौ	,,	पतिषु

जिस समय पति शब्द समास के अन्त में होता है, उस समय उसके रूप पूर्वोक्त 'हरि' शब्द (पाठ ३) के समान होते हैं। देखिये—

इकारान्त पुल्लिंगी 'भूपति' शब्द

१	भूपतिः	भूपती	भूपतयः
सं० (हे)	भूपते	(हे) ,,	(हे) ,,
२	भूपतिम्	,,	भूपतीन्
३	भूपतिना	भूपतिभ्याम्	भूपतिभिः
४	भूपतये	,,	भूपतिभ्यः
५	भूपतेः	,,	,,
६	,,	भूपत्योः	भूपतीनाम्
७	भूपतौ	,,	भूपतिषु

(२७) सन्धि नियम—इ, उ, ऋ, ऌ, इनके सामने विजातीय स्वर आने पर इनके स्थान में क्रमशः 'य्, व्, र्, ल्' आदेश होते हैं।

देवी	+	अष्टकम्	=	देव्यष्टकम्
भानु	+	इच्छा	=	भान्विक्षा
स्वभू	+	आनन्दः	=	स्वभ्वानन्दः
धातृ	+	अंशः	=	धात्रंशः
शबलृ	+	अंतः	=	शबलन्तः

शब्द—पुल्लिंगी

हस्तिन्, करिन्—हाथी। महामात्र—महावत, हाथी वाला। [illegible]—रौला, क्षोभ। लोह—लोहा। आर्य—श्रेष्ठ। प्रावारक—ओढ़ने का कपड़ा। रद—दाँत। राजमार्ग—बड़ा रास्ता, माल रोड। परिव्राजक—संन्यासी, भिक्षु। दण्ड—सोटी। पराक्रम—शौर्य। आलानस्तम्भ—(हाथी) बांधने का खम्भा। चरण—पांव। महाकाय—बड़े शरीर वाला। वेश—पोशाक।

स्त्रीलिंगी

[illegible]—और स्त्री। कुण्डिका—कमण्डलु। भित्ति—दीवार। [illegible]—स्थिर बुद्धि वाली।

नपुंसकलिंगी

[illegible]—[illegible]। [illegible]—पानी, जल। भाजन—बर्तन। [illegible]—[illegible]।

विशेषण

[illegible]

अन्य

इतः—इस ओर । उद्घुष्टं=पुकारा । तरसा=वेग से । ततः=वहां से ।

क्रिया

शृणोतु=सुनो । आरोहत=चढ़ो । मनुते=मानता है । उद्घोषयन्=बोले । व्यापाद्य=हनन करके । आस्ते=बैठा है । अहनम्=मैंने मारा । जर्जरीकृत्य=जर्जर करके । बभञ्ज=तोड़ा । अकरवम्=मैंने की । संप्रधार्य=निश्चय करके । निश्वस्य=साँस लेकर । अपनयत=ले जाओ । मर्दयितुम्=रगड़ने के लिये । परित्रातुम्=रक्षा करने के लिये । निवेदयितुम्=कहने के लिये ।

(१०) अवदातं कर्म

(१) शृणोतु आर्या मे पराक्रमम् । योऽसौ[1] आर्याया[2] हस्ती स महामात्रं व्यापाद्य आलानस्तम्भं बभंज ।

(२) ततः स महान्तं संक्षोभं कुर्वन् राजमार्गम् अवतीर्णः । अत्रान्तरे उद्घुष्टं जनेन—

(३) अपनयत बालकजनम् । आरोहत वृक्षान् भित्तीश्च[3] ! हस्ती इत[4] एति, इति ।

(४) करी कर-चरण-रदनेन

(१०) उत्तम कार्य

(१) देवी ! सुनो मेरा पराक्रम । जो वह आर्या (आप) का हाथी है, उसने महावत को मारकर बन्धन-स्तम्भ को तोड़ डाला ।

(२) अनन्तर, वह बड़ा रोला करता हुआ राजमार्ग पर आया । इतने में पुकारा लोगों ने—

(३) ले जाओ बालकों को । चढ़ो अभी वृक्षों और दीवारों पर । हाथी इधर आ रहा है ।

(४) हाथी सूंड़ और पांवों को

१ असौ । २ आर्यायाः—आर्या । ३ भित्तीः—च । ४ इतः—एति ।

...विदारयन्नास्ते । एतां नगरीं नलिन-पूर्णां महासरसीम् इव मनुते ।

(५) तेन ततः कोऽपि परिव्राजकः समासादितः । तत्र परिभ्रष्ट-दंड-कुण्डिका-भाजनं यदा स चरणैर्मर्दयितुं उद्युक्तो बभूव, तदा परिव्राजकं परित्रातुं दृढमतिम् अकरवम् ।

(६) एवं संप्रधार्य सत्वरं लोह-दण्डम् एकं सहसा गृहीत्वा तं हस्तिनं अताडयम् ।

(७) विन्ध्यशैल-शिखराभं महा-कायम् अपि तं जर्जरीकृत्य स परिव्राजको मोचितः । ततः 'साधु साधु' इति सर्वैः जनैः उच्चैः उद्घोषितम् ।

(८) ततः [illegible]

रगड़ से सब पदार्थों को चूर कर रहा है । इस नगरी को (वह) कमलिनियों से भरे हुए बड़े तालाब के समान माने (है) ।

(५) तत्पश्चात् उसने कोई संन्यासी पकड़ा । जिसके दण्ड, कमंडल, बरतन गिर गये हैं, ऐसे उस (संन्यासी) को जब वह चरणों से रौंदने के लिए तैयार हुआ, तब संन्यासी की रक्षा करने की दृढ़ बुद्धि (मैंने) की ।

(६) शीघ्र ही इस प्रकार निश्चय करके लोहे का एक सोंटा शीघ्रता से पकड़कर (मैंने) उस हाथी को मारा ।

(७) विन्ध्यपर्वत के शिखर के समान बड़े शरीर वाले उस (हाथी) को भी जर्जर करके, वह संन्यासी छुड़ाया । पश्चात् 'खूब शाबाश ! शाबाश' ऐसा सब लोगों ने ऊँची आवाज से पुकारा ।

(८) पश्चात् [illegible]

[illegible]

(९) तम् अहं गृहीत्वा, इमं वृत्तान्तं आर्यायै निवेदयितुं आगतः।

(संस्कृत पाठावली)

(९) उसको मैं लेकर यह वृत्तांत आपको कहने के लिये आ गया।

(संस्कृत पाठावली)

समास-विवरणम्

(१) करीकरचरणरदनेन—करः च चरणः च करचरणौ। करिणः करचरणौ = करीकरचरणौ। करीकरचरणयोः रदनं=करीकरचरण-रदनम्। तेन करीकरचरणरदनेन।

(२) नलिनपूर्णाम्—नलिनैः पूर्णाम्।

(३) परिभ्रष्टदण्डकुण्डिकाभाजनम्—दण्डः च कुण्डिकाभाजनं च=दण्डकुण्डिका भाजने। परिभ्रष्टे दण्ड-कुण्डिकाभाजने यस्मात् (यस्य वा) सः=परिभ्रष्टदण्डकुण्डिकाभाजनः; तम्।

